# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024







हरिभूमि रण भूमि

लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



> चुनाव प्रचार के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों को बुलाना किसी भी पार्टी के प्रत्याशी के लिए बड़ा सुखद होता है, लेकिन स्टार प्रचारक के कार्यक्रम का खर्च भी प्रत्याशी के हिस्से में जाता है। सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को सभा ली थी। इस सभा के लिए 19 लाख 47 हजार रुपए खर्च हुए। भाजपा प्रत्याशी ने अपने चुनावी खर्च के ब्योरे में निर्वाचन आयोग को यह जानकारी दी है। इसी तरह भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाओं का खर्च भी प्रत्याशी के खाते में जुड़ा है।

**प्रत्याशी के खाते में स्टार प्रचारक के कार्यक्रम का खर्च**

# स्टार प्रचारकों ने बढ़ाया चुनावी खर्च, सरगुजा में भाजपा प्रत्याशी का खर्च पहुंचा 50 लाख के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा सीट उत्तर छत्तीसगढ़ की एसटी के लिए आरक्षित सीट है। इस सीट पर 2019 में भी भाजपा जीती थी। इस बार यहां से चिंतामणी महाराज प्रत्याशी है। वे 2023 के अंत तक कांग्रेस में थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया था। इसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि कांग्रेस में आने से पहले भी वे भाजपा में थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में उनका मुकाबला कांग्रेस की शशि सिंह से है। वे दिवंगत कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह की बेटी है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि सरगुजा में मुकाबला इन दोनों प्रत्याशियों के बीच है।

**कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह पांच लाख ही खर्च कर पाईं**



**चुनावी खर्च में चिंतामणी कांग्रेस से दस गुना आगे**

सरगुजा लोकसभा में चुनाव प्रचार के खर्च के मामले में भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज कांग्रेस प्रत्याशी से करीब दस गुना आगे हैं। चिंतामणी ने निर्वाचन आयोग को दिए खर्च के ब्योरे में बताया है कि उन्होंने अब तक 49 लाख 72 हजार से अधिक राशि खर्च की है। इसमें सबसे अधिक खर्च स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के दौरान हुआ। 24 अप्रैल को सरगुजा में आयोजित इस सभा पर 19 लाख 47 हजार रुपए खर्च हुए। इसी तरह स्टार प्रचार एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दो सभाओं के लिए उन्होंने 1 लाख 80 हजार से अधिक राशि खर्च की। इसके अलावा खुद प्रत्याशी ने सभाओं के अलावा 16 लाख 32 हजार रुपए से अधिक लगाए। दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने अब तक 5 लाख 13 हजार 581 रुपए खर्च का हिसाब दिया है।

## अन्य दल खर्चों में बहुत पीछे

इस सीट पर कांग्रेस- भाजपा के अलावा अन्य दलों के प्रत्याशी भी मैदान में हैं, लेकिन वे दोनों प्रमुख दलों से खर्च के मामले में काफी पीछे चल रहे हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी डॉ. एलएस उदय सिंह ने 1 लाख 10 हजार 830 रुपए खर्च किए हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी संजय कुमार ने 51 हजार 830 रुपयों का हिसाब दिया है। भारत आदिवासी पार्टी के के प्रत्याशी जैरोम मिंज ने 72 हजार 790 रुपए खर्च करना बताया है।

### प्रत्याशी के खाते में जुड़ता है स्टार प्रचारक का खर्च

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को 95 लाख रुपए तक खर्च करने की अनुमति निर्वाचन आयोग ने दी है। प्रत्याशी खुद के दौरे, चुनाव सामग्री व अन्य खर्च इसमें शामिल किए जाते हैं। स्टार प्रचारकों पर होने वाले खर्च के संबंध में बसपा के प्रदेश प्रभारी ओपी बाचपेयी ने बताया कि स्टार प्रचारकों की सभाओं व उनके कार्यक्रमों का खर्च प्रत्याशी के खाते में जुड़ता है।

## आमने/सामने

### देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा

**नितिन नवीन**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में आज मोदीमय वातावरण दिख रहा है। आज पूरे वातावरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के काम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों की जुबान पर हैं। पहली बार छत्तीसगढ़ पूरी तरह से कीर्तिमान रचेगा और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें कमल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में जाएंगी। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर ही भरोसा है।

### कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा

**सुशील शुक्ला**



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिए लोकसभा चुनाव में 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दी है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचों न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है।

**शुरुआती दो चरण में कम वोटिंग है चर्चा का विषय**

# 46 फीसदी वोटिंग से कांग्रेस ने जीत ली थीं 364 सीटें और 67 पर बीजेपी को 303

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में दो चरणों में हुए मतदान का अंतिम आंकड़ा चुनाव आयोग ने जारी कर दिया है। यह क्रमशः 66.14 और 66.71 प्रतिशत बताया गया है। दो चरणों में 189 सीटों पर चुनाव हुए हैं। बताया जाता है कि इन सीटों पर पिछले चुनाव की तुलना में तीन से चार प्रतिशत कम वोटिंग हुई है। इस सवाल पर बहस पहले चरण के मतदान के बाद से ही शुरू हो गई है। कई लोग मान रहे हैं कि यह भाजपा के लिए नुकसानदेह हो सकता है। लेकिन, आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वोटिंग पर्सेंटेज का जीत से कोई सीधा संबंध नहीं है।

कई उदाहरण ऐसे हैं जहां कम वोटिंग पर्सेंटेज पर ज्यादा सीटें आ गई हैं और इसका उल्टा भी हुआ है। उदाहरण के लिए पहले चुनाव (1951-52) की बात करें तो केवल 45.67 फीसदी वोटिंग के साथ कांग्रेस ने 364 (489 में से) सीटें जीत ली थीं। जबकि, 2019 में रिकॉर्ड 67.4 प्रतिशत मतदान होने के बावजूद भाजपा को 303 सीटें ही आईं। इसी तरह अगर 1998 और 1999 के चुनावों पर नजर डालें तो इनमें मतदान का प्रतिशत क्रमशः 61.97 और 59.99 रहा था। लेकिन, दोनों ही चुनावों में बीजेपी 182 सीटों के साथ ही सबसे बड़ी पार्टी बन कर आई। इसके उलट, कांग्रेस को 1991-92 में केवल 55.88 फीसदी मतदान होने के बावजूद 244 सीटें मिल गई थीं।

*चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले चुनाव की तुलना में तीन से चार प्रतिशत कम वोटिंग*



**अब तक के चुनाव में वोटिंग प्रतिशत और नतीजे कैसे रहे, इस टेबल में देखें**

| चुनावी वर्ष | कितनी सीटें जीतीं | किस पार्टी ने | कुल मतदान (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| 1951 | 364 | कांग्रेस | 45.67 |
| 1957 | 371 | कांग्रेस | 47.74 |
| 1962 | 361 | कांग्रेस | 55.42 |
| 1967 | 283 | कांग्रेस | 61.04 |
| 1971 | 352 | कांग्रेस | 55.27 |
| 1977 | 295 | बीएलडी | 60.49 |
| 1980 | 353 | कांग्रेस | 56.92 |
| 1984-85 | 414 | कांग्रेस | 64.01 |
| 1989 | 197 | कांग्रेस | 61.95 |
| 1991-92 | 244 | कांग्रेस | 55.88 |
| 1996 | 161 | बीजेपी | 57.94 |
| 1998 | 182 | बीजेपी | 61.97 |
| 1999 | 182 | बीजेपी | 59.99 |
| 2004 | 145 | कांग्रेस | 58.07 |
| 2009 | 206 | कांग्रेस | 58.21 |
| 2014 | 282 | बीजेपी | 66.44 |
| 2019 | 303 | बीजेपी | 67.40 |

### कम मतदान की वजह

कम मतदान के पीछे एक कारण माना जाता है कि वोटर्स में मतदान के प्रति उत्साह नहीं है। इस उदासीनता को अक्सर सत्ता विरोधी लहर से जोड़ कर भी देख लिया जाता है। वैसे इसके कई कारण होते हैं। इस चुनाव में गर्मी भी एक कारण हो सकता है। इसके अलावा फसलों की कटाई का मौसम, छुट्टी, शहरी मतदाताओं की वोट देने के प्रति पारंपरिक उदासीनता, पलायन आदि कारण हो सकते हैं। पहली बार वोट डालने वालों की उदासीनता भी एक बड़ी वजह मानी जा सकती है। वोट डालने का अधिकार पा चुके करीब 60 फीसदी नौजवानों ने अपना वोटर कार्ड ही नहीं बनवाया।

(चुनाव के नतीजों के लिहाज से मतदान-प्रतिशत से ज्यादा महत्वपूर्ण है वोट को सीटों में बदलने की पार्टियों की क्षमता। इस क्षमता के लिहाज से 1951 से 2019 तक कौन पार्टी भारी पड़ी वह इस टेबल को देख कर समझा जा सकता है।)

| चुनावी वर्ष | सीटें मिलीं | सबसे बड़ी पार्टी | पार्टी को मिले वोट (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| 1951 | 364 | कांग्रेस | 45.0 |
| 1957 | 371 | कांग्रेस | 47.8 |
| 1962 | 361 | कांग्रेस | 44.7 |
| 1967 | 283 | कांग्रेस | 40.8 |
| 1971 | 352 | कांग्रेस | 43.7 |
| 1977 | 295 | बीएलडी | 41.3 |
| 1980 | 353 | कांग्रेस | 42.7 |
| 1984-85 | 414 | कांग्रेस | 48.1 |
| 1989 | 197 | कांग्रेस | 39.4 |
| 1991-92 | 244 | कांग्रेस | 36.4 |
| 1996 | 161 | बीजेपी | 20.3 |
| 1998 | 182 | बीजेपी | 25.6 |
| 1999 | 182 | बीजेपी | 23.8 |
| 2004 | 145 | कांग्रेस | 26.5 |
| 2009 | 206 | कांग्रेस | 28.6 |
| 2014 | 282 | बीजेपी | 31.3 |
| 2019 | 303 | बीजेपी | 37.7 |

(वोट को सीट में बदलने की क्षमता कई बातों पर निर्भर करती है। मैदान में जितने ज्यादा उम्मीदवार होते हैं वोट को सीटों में बदलने की चुनौती उतनी बढ़ जाती है। इस लिहाज से यह चुनौती लगातार बढ़ती गई है। 1951-52 के पहले चुनाव में महज 53 पार्टियां मैदान में थीं। 2019 में यह संख्या 673 पर पहुंच गई। यानी, 12 गुना ज्यादा। देखिए यह टेबल)

| चुनावी वर्ष | कुल पार्टिया | मान्यता प्राप्त राष्टीय दल | मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दल |
|---|---|---|---|
| 1951 | 53 | 418 | 34 |
| 1957 | 15 | 421 | 31 |
| 1962 | 27 | 440 | 28 |
| 1967 | 25 | 440 | 43 |
| 1971 | 53 | 451 | 40 |
| 1977 | 34 | 481 | 49 |
| 1980 | 36 | 485 | 34 |
| 1984-85 | 35 | 462 | 66 |
| 1989 | 113 | 471 | 27 |
| 1991-92 | 145 | 473 | 51 |
| 1996 | 209 | 403 | 129 |
| 1998 | 176 | 387 | 101 |
| 1999 | 169 | 369 | 158 |
| 2004 | 230 | 364 | 159 |
| 2009 | 363 | 376 | 146 |
| 2014 | 464 | 342 | 182 |
| 2019 | 673 | 397 | 136 |

## बृजभूषण की जगह उनके बेटे करण को मिली टिकट

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी की चर्चित लोकसभा सीट कैसरगंज पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे। भाजपा ने उनके छोटे बेटे करण भूषण को टिकट दिया है। वहीं पार्टी ने रायबरेली के उम्मीदवार के नाम का भी खुलासा कर दिया है। पार्टी ने यहां दिनेश प्रताप सिंह को उतारा है। आपको बता दें, करण भूषण सिंह पहली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर किस्मत अजमाएंगे। करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों के यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मामले की दिल्ली के एक कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ऐसे में पिछले कई दिनों से कैसरगंज सीट पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी थी। कैसरगंज सीट पर नामांकन के लिए अंतिम तारीख 3 मई है।



### 2019 में रायबरेली से थे प्रत्याशी, सोनिया से हारे

दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से फिर उम्मीदवार बनाया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी के सामने उन्होंने करीब पौने 4 लाख वोट हासिल किए थे, लेकिन चुनाव हार गए। सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को 1,67,178 वोटों से हराकर रायबरेली की अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की थी। दिनेश प्रताप सिंह 3,67,740 वोट हासिल करने में कामयाब रहे, वहीं सोनिया गांधी 5,34,918 वोटों के साथ फिर से सीट जीतने में कामयाब रही थीं। इस सीट पर सपा और बसपा ने उनका समर्थन किया था।

## 'अग्निवीर 4 साल में रिटायर, 75 साल के बूढ़े को चाहिए तीसरा मौका'

### मीसा भारती ने बोला पीएम मोदी पर जोरदार हमला

पटना। आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव की बेटी और मीसा भारती ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी की है। पटना के बिहटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मीसा भारती ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक तरफ युवाओं के लिए अग्निवीर योजना लेकर आए हैं। जिसमें नौजवान चार साल में रिटायर होकर घर बैठेगा और ये बूढ़ा प्रधानमंत्री 75 साल की उम्र में एक और मौका मांग रहा है, लेकिन देश की जनता बेवकूफ नहीं है। मीसा भारती ने कहा कि काठ की हांडी चूल्हे पर बार-बार नहीं चढ़ती है।



### पूंजीपतियों के माफ किए कर्ज

मीसा भारती ने सवालिया लहजे में पीएम मोदी से पूछा कि आपने अपने 10 साल के शासन में देश के नौजवानों के लिए क्या किया? आपको किसानों की मदद करनी थी, लेकिन आपने पूंजीपतियों की मदद की। किसानों की कर्ज के बदले अंबानी-अडानी के कर्ज माफ किए। इससे पहले भी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर देश की जनता ने इंडिया गठबंधन को मौका दिया तो पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के कई नेता सलाखों के पीछे होंगे।

**गुजरात में गरजे पीएम मोदी, राहुल पर कसा तंज**

## 'शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला'

एजेंसी ▶▶| आणंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के आणंद में चुनाव प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने शास्त्री मैदान में एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूरा देश आज विश्वास के साथ कह रहा है, 'फिर एक बार मोदी सरकार'। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल से भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस के कार्यकाल को शासनकाल कहा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद बताया है।



### कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा। "देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। कांग्रेस के 60 साल में करीब 60 फीसदी ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ तीन करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20 प्रतिशत से भी कम घरों में।

## भड़काऊ भाषण पर ओवैसी को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**वाराणसी।** भड़काऊ भाषण को लेकर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी को चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। बताया गया है, 25 अप्रैल को वाराणसी की एक जनसभा में ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर धर्म व संप्रदाय के आधार पर मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी। जांच के बाद यह पाया गया है कि इस जनसभा में असदुदीन अवैसी ने भड़काऊ भाषण दिया है।

**तीसरे चरण के मतदान से पहले राहुल ने घेरा**

## 'मोदी सरकार निजीकरण कर आरक्षण छीन रही'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनकर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी पर दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीकों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र में उद्यमों को मजबूत करने और कर्मचारियों के लिए नौकरी के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है।



### 2013 में थे 14 लाख स्थायी पद अब केवल 8.4 लाख

राहुल ने आगे कहा, "2013 में सार्वजनिक क्षेत्र में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे। बीएसएनएल, सेल, बीएचईएल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग छह लाख पक्की नौकरियां सिर्फ सर्वजनिक क्षेत्र से ही खत्म कर दी गई। ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता। सरकारी कार्यों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।"

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने जारी किए थे आंकड़े**

# भारत के सबसे गरीब नेताजी... महज 1700 रुपए संपत्ति

**28 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 4001 नेताओं का किया गया था विश्लेषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आमतौर पर राजनेताओं की जब बात होती है तो उनकी अमीरी का जिक्र भी होता है। देश में अधिकतर नेताओं के पास लाखों-करोड़ों रुपये की धन-दौलत है। देश में बहुत कम नेता ही ऐसे हैं जो आम आदमी जैसा जीवन जीते हों। हमारे देश में राजनेता रसूख वाले उस शख्स को कहा जाता है जिसके पास आलीशान घर, कार और प्रॉपर्टी हो। अकसर बात होती है नेताओं की धन-दौलत की, लेकिन उन नेताओं की बात बहुत कम होती है जो आम जन-जीवन जीते हैं और चर्चाओं में भी कम रहते हैं। आज हम आपको बताएंगे उन नेताओं के बारे में जो सबसे गरीब हैं।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने साल 2023 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में 28 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 4001 विधायकों का विश्लेषण किया गया था। इसके बाद भारतीय विधायकों की संपत्ति पर एक रिपोर्ट जारी की गई थी। आपको बता दें कि संपत्ति से जुड़े ये आंकड़े साल 2019, 2021, 2022 और 2023 की घोषणा के आधार पर हैं।

### ये हैं सबसे गरीब विधायक

आपको जानकारी हैरानी होगी कि भारत में एक विधायक ऐसे भी हैं जिनके पास सिर्फ 1700 रुपये हैं। जी हां, बीजेपी विधायक निर्मल कुमार धारा के पास सिर्फ 1,700 रुपये की संपत्ति है। निर्मल कुमार धारा, पश्चिम बंगाल की इंदस सीट से विधायक हैं। 39 साल के निर्मल भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2021 विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली इंदस सीट से ही टीएमसी उम्मीदवार रुनु मेते को मात दी थी। निर्मल कुमार धारा पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने साल 2009 में बर्दवान विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एमए की डिग्री हासिल की थी। खास बात है कि उनके खिलाफ अब तक कोई आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं हुआ है। साथ ही उनकी देनदारियां भी शून्य नजर आती हैं। राजनेता के साथ-साथ धारा पेशे से ट्यूटर भी हैं।

### गरीब नेताओं में ये भी शामिल

सबसे कम संपत्ति के मामले में दूसरा स्थान ओडिशा के रायगढ़ से निर्दलीय विधायक मकरंद मुडुली का है। उनकी संपत्ति 15 हजार रुपये है। तीसरे स्थान पर पंजाब के फजिल्का से नरेंद्र पाल सिंह सौना (18,370 रुपये) और चौथे स्थान पर पंजाब के संगरूर से नरेंद्र कुमार भरज (24,409 रुपये), पांचवे झारखंड के जुगलसलाई से मंगल कालिंदी (30 हजार रुपये) है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024







## ट्रेनें रद्द, बसें चुनाव में, बची गाड़ियों में फंस रहीं यात्रियों की सांसें!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ती गर्मी और भारी भीड़ के बीच ट्रेनों में सफर करना यात्रियों के लिए मुश्किल होने लगा है। ट्रेनों के लगातार रद्द होने के साथ आधी से ज्यादा बसें चुनाव में चली गई हैं, जिसके कारण ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है, कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों में नो रूम होने से जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। यह ▶▶| शेष पेज 2 पर

### अभी बढ़ेगी मुसीबत

8 मई से दर्जनभर से ज्यादा लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी, उस समय मुसीबत और बढ़ेगी। हालांकि चुनाव कार्य 7 मई तक है, इसलिए कुछ बसों को रूट पर लाया जा सकता है। ऐसा हुआ तो भी ट्रेनों में मारामारी थमने वाली नहीं है।







### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

हैदराबाद 201/3 Vs राजस्थान 200/7

1 रन से हारी आरआर

3 विकेट : भुवनेश्वर कुमार
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

मुंबई Vs कोलकाता

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग के 52 कर्मियों की सेवा समाप्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने दिल्ली महिला आयोग में 'अवैध रूप से' नियुक्त 52 संविदा



कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। कर्मचारियों की यह सेवा समाप्ति जून, 2017 में एक समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर की गई है। इससे पहले विभाग ने 223 संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया था। लेकिन विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि ऐसे 52 कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया गया है।

### सुरेश रैना के ममेरे भाई की सड़क हादसे में मौत

**धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना के ममेरे भाई समेत दो लोगों की 'हिट-एंड-रन' घटना में मौत हो गई। रैना के



ममेरे भाई सौरभ कुमार और उनके दोस्त बुधवार को स्कूटर से जा रहे थे। तभी गगल हवाई अड्डे के पास उनके वाहन की कार से टक्कर हो गई। यह घटना गगल में हिमाचल टिम्बर के पास बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे हुई। हादसा कार चालक शेर सिंह की लापरवाही की वजह से हुआ।

### फैक्टरी में 'बॉयलर' फटा, दो की मौत

**लुधियाना।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से



दो श्रमिकों की मौत हो गई। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### साथियों की मौत से बौखलाए नक्सलियों की क्रूरता, सैकड़ों की भीड़ के सामने दो युवकों का गला घोंटा

# नक्सलियों की जनअदालत, पुलिस कैंप के लिए दी जमीन इसलिए दो भाइयों को सजा-ए-मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

*बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र स्थित छूटवाही के जंगल में जनअदालत लगाकर नक्सलियों ने दो चचेरे भाइयों को मौत के घाट उतार दिया। नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस का मुखबिर होने व पुलिस कैम्प के लिए जमीन बेचने का आरोप लगाया है। हालांकि लगभग दो माह पूर्व छूटवाही में जिस स्थान पर कैम्प खोला गया, वह सरकारी जमीन बताई जा रही है।*

नक्सलियों द्वारा पुलिस मुखबरी के संदेह में अब तक दर्जनों ग्रामीणों की हत्या की जा चुकी है। पिछले चार माह में हुए 16 मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 91 नक्सलियों को मार गिराया, जिसके बाद नक्सली बौखलाहट में निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दहशत फैलाने का काम कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक तर्रेम थाना क्षेत्र के छूटवाही गांव निवासी मृतक जोगा मांडवी व हूंगा मांडवी आपस में चचेरे भाई हैं, जिनकी छूटवाही के जंगल में जनअदालत लगाकर हत्या करने की बात कही जा रही हैं। दोनों का शव गुरूवार को छूटवाही के जंगल में मिला, जिनकी जनअदालत में नक्सलियों ने रस्सी से गला घोंटकर कर दी थी।

### सैकड़ों ग्रामीणों के सामने घोंट दिया गला

दोनों चचेरे भाइयों को एक दिन पूर्व नक्सली उनके घर से बुलाकर जंगल की ओर ले गए थे। जन अदालत में एक भाई पर पुलिस का मुखबिर होने और दूसरे पर पुलिस कैंप के लिए जमीन देने का आरोप लगाकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि जनअदालत में सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नक्सलियों ने दोनों युवकों का गला घोंट दिया। सुबह इसकी जानकारी परिजनों को मिली ,जिसके बाद शवों को घर ले गए।






### पुलिस के पास नहीं जाने फरमान जारी

नक्सलियों ने दोनों युवकों की हत्या के बाद शव का अंतिम संस्कार करने दबाव बना रहे हैं, वहीं पुलिस के पास नहीं जाने और एफआईआर नहीं करने चेतावनी भी दी है। बुधवार रात को हुई हत्या के बाद नक्सलियों की धमकी के कारण परिजनों ने अभी तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। वहीं मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने नक्सली दहशत के कारण रिपोर्ट लिखाने से इंकार कर दिया है।

### सभी कैम्प शासकीय भूमि में

*बस्तर के अलग अलग क्षेत्रों में खोले गए सुरक्षा कैम्प शासकीय जमीनों में खोले गए है। कहीं पर भी निजी जमीन में कैम्प नहीं खोला गया है। तर्रेम क्षेत्र में दो ग्रामीणों की हत्या की खबर मिली है, जिसकी तस्दीक की जा रही है। यह आरोप गलत है कि निजी भूमि में कैम्प खोला गया है।*

*सुंदरराज पी*
*आईजी बस्तर*

### पूर्व में भी कई ग्रामीणों व नेताओं की हत्या कर चुके नक्सली

बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा पुलिस मुखबरी का आरोप लगाकर पूर्व में भी कई ग्रामीणों की हत्या की जा चुकी है। इससे पूर्व इसी वर्ष नक्सलियों ने कुटरू निवासी पुसु हेमला का 8 मार्च को अपहरण कर लिया था। 11 मार्च को तेलीपेठा-पाताकुटरू के पास उसका शव मिला। शव के पास नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पर्चे भी फेंके थे। पर्चों में पुसु हेमला पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। वहीं 6 जनवरी को तेलंगाना बॉर्डर पर एक ग्रामीण की हत्या कर दी गई थी। 14 फरवरी को नारायणपुर में नक्सलियों ने नल जल योजना के ठेकेदार और सुकमा में पुलिस की मुखबिरी करने के शक में एक युवक का गला रेत कर हत्या की थी। बीजापुर में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दावा

## अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे राहुल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेठी से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नामांकन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। नामांकन की तैयारियों के लिए सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ लंबी बैठक की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने दावा किया है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन राहुल गांधी पर्चा दाखिल करेंगे।



अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अभी अधिकृत सूची नहीं आई है। कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में लगातार हलचल बढ़ी हुई है। नामांकन में शुक्रवार को आखिरी दिन है। ऐसे में राहुल गांधी के वकील केसी कौशिक और उनके पुत्र राहुल कौशिक रायबरेली गेस्ट हाउस पहुंच गए हैं।

### हार के बाद से अमेठी से हुए दूर

राहुल गांधी ने अमेठी सीट पर जीत की हैट्रिक बनाई थी, लेकिन 2019 में चुनावी हार के बाद वे यहां से दूर हो गए। वहीं, भाजपा सांसद स्मृति ईरानी लगातार इस सीट पर जमी रही हैं। ऐसे में राहुल गांधी को एक बार फिर अमेठी से कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है। 2019 में भी राहुल गांधी को अमेठी सीट पर कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा।

### बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोप

## राशन, महादेव, शराब, माइनिंग के बाद अब अनुकंपा नियुक्ति घोटाले की जांच करेगी ईओडब्लू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू, एसीबी द्वारा माइनिंग, शराब, महादेव सट्टा एप के साथ राशन घोटाले की जांच के बाद शिक्षकों की अनुकंपा नियुक्ति देने में बड़े पैमाने पर लेन-देन करने के आरोपों की जांच शुरू करने की जानकारी मिली है। अनुकंपा नियुक्ति घोटाले की जांच के संबंध में जांच एजेंसी ने किसी तरह की पुष्टि नहीं की है।

हरिभूमि फॉलोअप

गौरतलब है कि वर्ष 2020-21 में कोरोना संक्रमण की चपेट में आने से जिन शिक्षकों की मौत हुई थी, उन ▶▶| शेष पेज 2 पर

### इस तरह जानकारी छिपाई गई

जशपुर जिला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक ग्रेड-2 पद पर पदस्थ बैजनाथ राम की कोरोना की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शिक्षक की मौत के बाद उनके बेटे प्रेम कुमार ने आठ जून 2020 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन पेश किया। इसके बाद प्रेम कुमार को चार फरवरी 2022 को जशपुर जिला के भुड़केला में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति दी गई। आरोप है कि प्रेम कुमार ने शिक्षा विभाग को जो आवेदन पेश किया था, उसमें उन्होंने अपने भाई मन कुमार के शासकीय सेवा में होने की जानकारी छिपाई। इसके बाद शिक्षा ▶▶| शेष पेज 2 पर

### मामला विधानसभा में भी उठा था

कोरोना संक्रमण में जिन मृत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी, इस पर भारतीय जनता पार्टी ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ ही मामला विधानसभा के पटल पर भी आया था। शिकायत में कहा गया था कि शिक्षा विभाग ने बिना शपथपत्र की जांच के ही अनुकंपा नियुक्ति दे दी। मामले में विवाद बढ़ता देख गलत शपथपत्र देने वाले 10 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके साथ ही बिलासपुर के प्रभारी डीईओ पी. दासरथी को निलंबित भी किया गया था।

### बंगाल सरकार की याचिका

## केंद्र ने कोर्ट से कहा-हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

**नई दिल्ली।** सीबीआई पर भारत सरकार का नियंत्रण नहीं है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आज यह अहम बात कही है। बंगाल सरकार की ओर से राज्य के कई मामलों की जांच सीबीआई के हाथ जाने पर दायर अर्जी को लेकर केंद्र ने यह बात कही है। बंगाल सरकार का कहना था कि राज्य की अनुमति के बिना ही सीबीआई ने कई मामलों की जांच ले ली है।

### सरकार ने दर्ज नहीं किया कोई मामला

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, भारत सरकार ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। सीबीआई ने इसे दर्ज किया है। सीबीआई भारत सरकार के नियंत्रण में नहीं है।' फिलहाल इस केस की सुनवाई जारी है।

### शंकरगढ़ में विशाल जनसमूह

### चिंतामणी के लिए मांगा वोट

## साय ने कहा-भाजपा जनकल्याण की स्कीम बनाती है, कांग्रेस स्कैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शंकरगढ़/बलरामपुर

सरगुजा संसदीय क्षेत्र के बलरामपुर जिला अंतर्गत शंकरगढ़ में आयोजित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पीएम मोदी ही गरीब, किसान, आदिवासी, पिछड़े, वंचित और युवा का कल्याण कर सकते है। कांग्रेस का तो एक मात्र उद्देश्य है, युवराज को लॉन्च करना और परिवार के लिए सत्ता का इस्तेमाल करना। उन्होंने कहा गरीब को जनधन खाते, पक्का आवास, गैस ▶▶| शेष पेज 2 पर



### मातृशक्ति ने ठाना है, मोदी को फिर पीएम बनाना है

श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा विधायक सामरी ने कहा कि इस बार मातृशक्ति ने ठाना है, तीसरी बार मोदी को पीएम बनाना है। प्रतापपुर से विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने भी संबोधित किया।

### मोदी के नेतृत्व में विकसित होगा देश

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कांग्रेस जब-जब जीतती है तो पाकिस्तान में पटाखे फूटते हैं। मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और भारत विकसित बनेगा। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कहा कि जनता के हर वोट को देश के निर्माण में यदि कोई समर्पित कर सकता है तो वह भाजपा है।

### सत्र 2025 से होगा बदलाव, इस बार पुरानी किताबों से ही पढ़ाई

### भाषा की किताबें तैयार होंगी स्थानीय स्तर पर इसमें क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता

## छत्तीसगढ़ में आठवीं तक एनसीईआरटी की किताबें लेकिन कुछ बदलाव के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पहली से आठवीं कक्षा तक एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा किताबों का प्रकाशन पहले ▶▶| शेष पेज 2 पर

अलग खबर



### तैयारी चल रही

अभी इस पर तैयारी चल रही है। किताबों का परीक्षण चल रहा है।
- **राजेंद्र कटारा**, डायरेक्टर, एससीईआरटी

### नहीं बदलेगी भाषा की किताबें

राज्य में छात्रों को हिंदी के अलावा जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी करवाई जाती है। कई भाषाएं ऐसी हैं, जिनका अध्ययन केवल छत्तीसगढ़ में ही होता है। इस कारण भाषा की किताबों में बदलाव नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया था। अर्थात भाषा की एनसीईआरटी किताबें प्रदेश में लागू नहीं होंगी। स्थानीय स्तर पर तैयार पुस्तकों से ही अध्ययन कार्य कराया जाएगा।

### किया जाएगा अनुकूलन

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अधिकारियों के अनुसार, एनसीईआरटी की किताबों का क्षेत्रीय परिवेश के आधार पर अनुकूलन किया जाएगा। अर्थात क्षेत्रीय उदाहरणों को शामिल किया जाएगा। विषय विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे बच्चे अपने आस-पास के उदाहरणों से अधिक बेहतर तरीके से समझते हैं। इसलिए गांवों के नाम, व्यक्तियों के नाम, पेड़ों के नाम जैसी चीजों में बदलाव किया जाएगा। एनसीईआरटी किताबों में दिए गए उदाहरणों के स्वरूप को बदलते हुए इसमें स्थानीयता को जोड़ा जाएगा। इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## चिंतन

# जीएसटी में अगले दौर के सुधार वक्त की जरूरत

भारत देश में जारी आम चुनाव के दौरान रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े ने सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में रिकार्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है। सालाना आधार पर यह 12.4 फीसदी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले सबसे अधिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये का था, जो संयोग से वित्त वर्ष 2023-24 के पहले माह अप्रैल में हुआ था। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में ये 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले महीने मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 फीसदी का इजाफा है। सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल, 2023 की तुलना में 15.5 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह ने यह रिकार्ड बनाया है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 को देखें तो इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, तब से सालाना दर सालाना जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि हो रही है। रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक स्तर पर पारदर्शिता लेकर आई है। अभी जीएसटी के चार स्लैब हैं, 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी व 28 फीसदी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2000 में जीएसटी पर अध्ययन के लिए एक समिति बनाई थी। उसमें एक टैक्स स्लैब की बात थी। जीएसटी पर राजनीतिक सहमति बनाने में 17 वर्ष लग गए। शुरू में इसे बहुत जटिल कर प्रणाली समझा गया, लेकिन इसमें सुधार होता गया, अभी यह अप्रत्यक्ष कर संग्रह का रिकार्ड बना रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और टैक्स कलेक्शन में दक्षता के चलते हुई है। नए वित्त के पहले महीने में कई ऐसे संकेतक हैं, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर संकेत कर रहे हैं। लोगों ने एसी और शीतल पेय पर अधिक खर्च किया है। पेट्रोल की बिक्री में 12.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 24.5 लाख टन पहुंच गई है। बिजली की खपत 11 फीसदी बढ़ी है। थोक व खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में हैं, हालांकि खाद्य महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। घरेलू और ग्लोबल वित्तीय व रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर सकारात्मक है। शेयर बाजार में सेंसेक्स व निफ्टी दोनों सूचकांक सर्वकालीन उच्च स्तर पर कारोबार किया है। सोने के भाव उच्च रहने के बावजूद भारत में सोने के आयात में वृद्धि हुई है। ये सभी दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। चुनावी वर्ष होने के चलते पूंजी बाजार में लिक्विडिटी बनी रहेगी। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक पारदर्शिता लेकर आई है, इसका सकारात्मक असर दिख रहा है। जीएसटी संग्रह में लगातार उछाल को देखते हुए अब सरकार को जीएसटी सुधार 2.0 की शुरूआत करनी चाहिए। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, जीएसटी में अगले चरण का सुधार करना चाहिए। चार के बजाय तीन स्लैब किए जाने चाहिए। पेट्रो उत्पाद, एटीएफ, नेचुरल गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाने का साहसिक प्रयास होना चाहिए।

## दरकार

विवेक शुक्ला



# प्रचार में फर्जी वीडियो जारी करने वालों पर लगाम लगे

लोकसभा चुनाव के कैंपेन ने अचानक गंभीर मोड़ ले लिया है। कैंपेन के दौरान आरोप-प्रत्यारोप तो लगते हैं। इसे कोई बुरा नहीं मानता, पर कोई दल चुनाव जीतने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो जारी करे यह तो सही नहीं माना जा सकता। ताजा मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ही डीपफेक' प्रौद्योगिकी का शिकार हो गए हैं। अमित शाह ने बीती 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिया था। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। फैक्ट चेक में ये वीडियो एकदम फर्जी साबित हुआ है। इस फर्जी वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अब जरा सोचिए कि क्या कोई व्यक्ति देश में उपर्युक्त वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर सकता है? दरअसल अमित शाह के एक पुराने वीडियो को एडिट किया गया है, जिसमें वो मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे थे। इस ओरिजनल वीडियो में मुस्लिम की जगह एसटी और एसटी को जोड़ दिया गया है। हालांकि सवाल उठता है कि ऐसा कैसे संभव है कि फेक वीडियो बिल्कुल असली लग रहा है? जैसा कि मालूम है कि इन दिनों मार्केट में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस तकनीक में किसी के बोलने के लहजे और उसकी आवाज को मशीन लर्निंग की मदद से कैप्चर किया जाता है। दरअसल नई प्रौद्योगिकी की मदद से किसी वीडियो में ऐसे व्यक्ति के चेहरे को फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। जिस भी नेता या सियासी दल ने अमित शाह को आरक्षण खत्म करने की घोषणा करते हुए दिखाने वाले फर्जी वीडियो बनवाए और जारी करवाए उसने समाज में वैमनस्य फैलाने का कितना गंभीर कृत्य किया है। जाहिर है कि गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस उन शरारती तत्वों पर एक्शन ले रही है जो इस मामले में फंसे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। लग यही रहा है कि इस सारे मामले के तार बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले असम पुलिस ने भी इसको लेकर एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दरअसल अमित शाह के खिलाफ डीपफेक केस की शिकायत भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एक बात समझ लें कि अगर डीफफेक या किसी अन्य तकनीक से अपने विरोधियों को बदनाम करने वालों पर कठोर एक्शन नहीं लिया गया तो फिर हालात काबू से बाहर होने लगेंगे। समाज में विभिन्न वर्गों में प्रेम और सदभाव खत्म हो जाएगा। लोकतंत्र की जान है स्वस्थ बहस और वाद- विवाद। इसमें ओछी हरकतों के लिए किसी को स्पेस नहीं मिलना चाहिए। अमित शाह चूंकि भाजपा के शिखर नेता हैं और उनके साथ जो खेल किया गया है उसके बाद भाजपा के नेता कहने लगे हैं कि कुछ समय पहले तक विपक्ष सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाता था, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीक का सहारा लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गए हैं। आजकल चल रही लोकसभा चुनावों के कैंपेन में यह भी बहुत बड़े स्तर पर कहा जा रहा है कि भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। जरा सोचिए कि क्या बाबा साहेब अंबेडकर की सरपरस्ती में तैयार भारत के संविधान को कोई बदलाव कर सकता है? यह नामुमकिन है। सारा देश बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता है और उनसे प्रेरणा पाता है, इसलिए यह आरोप नहीं लगने चाहिए कि अगर भाजपा तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। फिलहाल सरकार को डीपफेक प्रौद्योगिकी का समाज को तार-तार करने वालों पर कठोर एक्शन लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

# फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत

फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचना चाहिए, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है। यदि फ्रीबिज ये लाभ नहीं होता तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्तपताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

फ्रीबिज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं, जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। एफआरबीएम अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबिज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण राज्य सरकारें कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं, इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबिज को रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन और सारगर्भित बहस की जानी चाहिए और फ्रीबिज को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर जल्द अमल में लाना चाहिए। आम जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था, ताकि आम जनता यह तय कर सके कि कौन सी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। आमतौर पर श्वेत पत्र के जरिये सरकार कानून पेश करने से पहले नीतिगत प्राथमिकताएं प्रस्तुत करती है और इसकी मदद से विवादास्पद नीतिगत मुद्दों पर जनता की राय ली जाती है। उल्लेखनीय है कि सुब्बाराव से पहले भी मामले में सर्वोच्च अदालत सरकार को फ्रीबीज को बंद करने के लिए नसीहत दे चुकी है।




सर्वोच्च अदालत ने बीते महीनों, केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या चुनाव अभियानों के दौरान फ्रीबिज के लिए वादा करना और सत्ता में आने के बाद उसे अमलीजामा पहनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है?


फ्रीबिज से अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है और सरकार को अपनी व्यय प्राथमिकताओं में से विकास की प्राथमिकता से किनारा करना पड़ता है। राज्यों के राजस्व के स्रोत सीमित होते हैं, इसलिए राज्यों का बजट फ्रीबिज के कारण बेपटरी हो जाता है। आज कई राज्य सरकारें कर्ज में तय सीमा से अधिक डूबी हुई हैं। पंजाब ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 53.3 प्रतिशत कर्ज ले रखा है,जो कर्ज लेने वाले सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार किसी भी राज्य पर उसकी जीएसडीपी के 30 प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए। पंजाब के अलावा अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी उनके जीएसडीपी से बहुत ज्यादा कर्ज है। फ्रीबिज स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है, जिससे सही प्रतिनिधि संसद या विधानसभा में नहीं जा पाते हैं। फलतः आम जनता, समाज और देश के लिए समीचीन कानून का निर्माण नहीं हो पाता है। यूरोप के कुछ देश फ्रीबिज संस्कृति की वजह से ही आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी फ्रीबिज संस्कृति के कारण बुरा हाल है। बीते महीनों कर्नाटक में हजारों करोड़ रुपये चुनाव में किए वादों को पूरा करने में खर्च किए गए, जिसके कारण सरकार के एक मंत्री को कहना पड़ा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। मामले में जन-कल्याणकारी योजनाओं और लोक-लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को पारिभाषित करने की जरूरत है। इस क्रम में सब्सिडी को फ्रीबिज नहीं माना जाना चाहिए। सब्सिडी किसी भी क्षेत्र विशेष में कम विकास की स्थिति को बेहतर करने के लिए दी जाती है। भारत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लिहाजा,उपेक्षित क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी देना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए घरों की छतों पर या दूसरी जगहों पर सौर पैनेल स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। यह नियम भी बनाना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन जन-कल्याणकारी योजनाओं पर पैसे खर्च किए गए हैं, क्या उससे आम जनता लाभान्वित हुई है? अगर किसी जन-कल्याणकारी योजना से आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है या उनके जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है तो वैसी योजनाओं को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। आम जनता को भी आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि फ्रीबिज से उन्हें लाभ हो रहा है या नहीं, यदि नहीं, तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। लैपटॉप, स्मार्टफोन या साइकिल की ज्यादा उम्र नहीं होती है, लेकिन विकासात्मक कार्यों को लागू करने से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

सरकार को फ्रीबिज के अलावा कोरपोरेट्स को भी वैसी योजनाओं का लाभ देने से बचना चाहिए, जिनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। उदाहरण के तौर विकास की गति को तेज करने के लिए या किसी क्षेत्र विशेष को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स को अक्सर कर और ब्याज दर में छूट दी जाती है, लेकिन अनेक कॉरपोरेट्स ऐसे लाभों का दुरुपयोग करते हैं, जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य है कि सरकार कोई भी खर्च करे तो उसका सकारात्मक योगदान देश और समाज के विकास को सुनिश्चित करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हो।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित

प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## गर्मी ने बढ़ाई प्यास



जम्मू के बाहरी इलाके में सीमा के पास एक गांव में गेहूं की फसल की कटाई के दौरान एक महिला किसान पानी पीती हुई।

## आज की पाती

### डरने की जरूरत नहीं है

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया था, अमरीका, जर्मनी और अन्य बड़े बड़े देश भी इस महामारी से दहशत में आ गए थे और सारी दुनिया ने इससे बचने के लिए लॉकडाऊन लगा दिया था। उस दहशत भरे माहौल में दुनिया यह कह रही थी कि जल्दी से जल्दी इससे निपटने के लिए कोई दवा तैयार होनी चाहिए, इसके लिए लगभग सभी देशों ने प्रयास भी किए, बहुत से एक्सपेरिमेंट भी किए और वैज्ञानिकों ने इसका टीका तैयार कर लिया। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी कोव वैक्सीन तैयार की और इसे दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुंचाया गया। अब यह वैक्सीन फिर से सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने यहां केस दर्ज करते हुए कहा है कि उसे इससे साइड इफेक्ट्स हुए हैं।

*- महेश काले, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कांग्रेस को तीन चुनौतियां



कांग्रेस का शाही परिवार और उसके दरबारी मोदी पर चाहे जितना भी गुस्सा निकालें और गाली दें, लेकिन ये मोदी की गारंटी है। मेरी कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को तीन चुनौतियां हैं। हमने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था। अब कांग्रेस गठबंधन ने वोट जिहाद का नारा दिया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निरंतर गतिमान रहें



बड़े लक्ष्य की संप्राप्ति छोटे-छोटे प्रयत्नों से होती है अत: निरंतर गतिमान रहें। आरंभ करना सदा ही कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। जैसे ही साधक बाधाओं से प्रभावित होकर श्रम बंद कर देता है उसी क्षण उसकी जीवन यात्रा संकुचित हो जाती है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### कम मतदान से चिंतित



आपके पत्र से पता चल रहा है कि आप चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से चिंतित हैं। यह दर्शाता है कि लोग आपकी नीतियों या आपके चुनावी भाषणों को लेकर उत्साहित नहीं हैं। दरअसल ऐसा गर्मी की वजह से नहीं हो रहा है, आपकी नीतियों से गरीब झुलस गए हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### पिक्चर रिलीज़ न होने दें



मोदी ने कहा "ये तो ट्रेलर है" जरा सोचिए अगर ये ट्रेलर है तो पिक्चर कितनी भयावह होगी? कृपया पिक्चर रिलीज़ होने से रोक दो भाइयों। संविधान की धज्जियां उड़ाई गई। विश्वविद्यालय हो या बीजेपी सरकारें आरक्षण में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक़ मारा।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# जेल की चेतावनी, ट्रंप ने जज को कुटिल कहा



अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रहे जज ने मंगलवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को गैग आदेशों (विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना चुप रहने के लिए धन देने के मामले में गवाहों, ज्यूरी और अन्य के संबंध में सार्वजनिक बयान देने से रोकने वाले 'गैग आदेश' का लगातार उल्लंघन करने पर लगाया गया। ट्रंप के 'ट्रुथ' सोशल मीडिया खाते और प्रचार वेबसाइट पर पोस्ट के लिए जुर्माना लगाते हुए न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने कहा था कि यदि ट्रम्प ने उनके आदेशों का उल्लंघन करना जारी रखा, तो वह जेल जांएगे।

## ऑफ बीट

# बच्चों को दूध पिलाने के बाद क्या डकार दिलवाना जरूरी



माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों को दूध पिलाने के बाद डकार दिलवाने की सलाह दी जाती है। कुछ लोग सोचते हैं कि दूध पिलाने के बाद डकार लेना, बच्चे के रोने की असुविधा को कम करने या रोकने के लिए, या दूध पिलाने के बाद बच्चे द्वारा दूध उगलने की आशंका को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह सच है कि बच्चे, वयस्कों की तरह, खाते समय हवा निगलते हैं। डकार लेने से यह हवा हमारे पाचन तंत्र के ऊपरी हिस्से से बाहर निकलती है। इसलिए जब कोई बच्चा दूध पीने के बाद रोता है, तो कई लोग यह मान लेते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि बच्चे को 'डकार दिलवाने' की ज़रूरत है। हालाँकि, यह आवश्यक रूप से सत्य नहीं है। दूध पीने के बाद बच्चे क्यों रोते हैं या 'दूध गिराते' हैं? बच्चे कई कारणों से रोते हैं जिनका 'फँसी हुई हवा' से कोई लेना-देना नहीं है। वे तब रोते हैं जब वे भूखे, ठंडे, गर्म, डरे हुए, थके हुए, अकेले, परेशान होते हैं, उन्हें शांत होने के लिए बड़ों की मदद की ज़रूरत होती है, असुविधा या दर्द में, या कभी बिना किसी पहचाने जाने योग्य कारण के। वास्तव में, हमारे पास बिना किसी ज्ञात कारण के रोने का नाम है; इसे 'कॉलिक' कहा जाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 3 मई 2024
बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 22, अंक : 285
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 41.4
न्यून. 26.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



03
सिद्धार्थ संग मंदिर में की थी सगाई

विचार पेज
फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत




# एक और बदलाव... नर्सिंग, बीएड, एग्रीकल्चर के छात्र भी कर सकेंगे एमसीए, लेकिन बेसिक मैथ्स अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री संबंधित नियमों में बदलाव के साथ ही एमसीए में दाखिले की पात्रता में भी बदलाव किए गए हैं। अब तक निश्चित संकायों में स्नातक की उपाधि हासिल करने वाले छात्र ही एमसीए अर्थात मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन के लिए आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। किसी भी संकाय में ग्रेज्यूएशन की उपाधि रखने वाले छात्र एमसीए ▶▶|शेष पेज 2 पर

## इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के लेटरल एंट्री के नियमों में हुआ है बदलाव



- अब एमसीए के प्रवेश मापदंडों में भी परिवर्तन, प्रदेश में हैं एमसीए की 407 सीटें

### पहले इन्हें मिलता था प्रवेश

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, पूर्व में बीई-बीटेक, बीएससी, बीकॉम, बीए, बी.वोकेशनल, बीसीए तथा कला संकाय में स्नातक उपाधि प्राप्त छात्रों को ही प्रवेश मिलता था। इसके साथ ही अनिवार्य था कि उन्होंने हायरसेकंडरी की पढ़ाई गणित के साथ की हो अथवा स्नातक स्तर पर गणित संबंधित किसी विषय का अध्ययन किया हो। अन्य नियम यथावत हैं, केवल पूर्व निर्धारित संकायों के स्थान पर सभी संकाय के स्नातकों के लिए प्रवेश खोल दिया गया है। जून माह से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से यह मान्य होगा।

### नहीं भरती सीटें

नए नियम से उम्मीद है कि एमसीए की रिक्त जा रही सीटें भर जाएं। प्रदेश में एमसीए की बीते सत्र में 407 सीटें थी। सीट के बराबर आवेदन ही व्यापम को मिलते रहे हैं। आवेदन निःशुल्क किए जाने के बाद प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले कैंडिडेट्स की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन छात्रों ने प्रवेश में दिलचस्पी नहीं दिखाई। एमसीए के स्थान पर छात्र कंप्यूटर इंजीनियरिंग में दाखिले को तवज्जो दे रहे हैं। यही कारण है कि इसकी सीटें खाली जा रही हैं।

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी पहुंची कोरबा लोकसभा की कोयलांचल नगरी चिरमिरी

# 10 साल में मोदी सरकार ने जनता के साथ किया अन्याय : प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

डोमनहिल ग्राउंड में आयोजित सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। देश में 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। इस सरकार ने पांच साल से कोई भी भर्ती नहीं निकाली है। निजीकरण करने की वजह से केवल उद्योगपति मलामाल हो रहे हैं। सभी जरूरत के समानों पर जीएसटी लगा हुआ है। 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में सबसे ज्यादा अन्याय देश के लोगों के साथ हुआ है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने जमकर उद्योगपति से चंदा लिया, हजारों करोड़ रूपए डरा धमका कर ले लिए, किसी को नहीं छोड़ा। कोरोना के समय सभी को वैक्सीन लगी थी, उस समय टीके का सर्टिफिकेट मिलता था, उसमें नरेन्द्र मोदी का फोटो लगा था। अब इस समय सर्टिफिकेट में मोदी जी का फोटो ▶▶|शेष पेज 2 पर

*मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कोयलांचल नगरी चिरमिरी में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने देश में लगातार बढ़ रही बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में सबसे ज्यादा अन्याय देश के लोगों के साथ हुआ है।*



### सभी को जागरूक होने की जरूरत

प्रियंका गांधी ने कहा कि आप सभी को जागरूक होने की जरूरत है। अपने संविधान को समझने की जरूरत है। स्वतंत्रता सेनानियों के खून पसीने की लड़ाई से देश आजाद हुआ। हमारे न्याय पत्र में ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कांग्रेस लोगों के दिलों से बसती है: ज्योत्सना

कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि सोनिया गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस लोकसभा के लिए मुझे दुबारा प्रत्याशी बनया है, इसके लिए मैं आभारी हूं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र आदिवासी इलाका ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कांग्रेस नेता के आरोप

- महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण मुद्दे पर कोई बात नहीं करते भाजपा के नेता
- सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, देश में 70 करोड़ लोग बेरोजगार
- टीके को बनाने वाली कंपनी से भाजपा ने जमकर लिया चंदा

### हमारी योजनाएं सांय-सांय बंद हो रहीं : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज आप सभी प्रियंका गांधी को सुनने आए हैं, इसलिए ज्यादा न कहते हुए आज मैं इतना ही कहूंगा कि यह लोकसभा चुनाव है। यह लड़ाई केवल ज्योत्सना महंत की नहीं है, बल्कि सभी देशवासियों की है, क्योंकि आज संविधान खतरे में हैं। यह चुनाव खास है, इसलिए सोच समझकर मतदान करना है। मेरे कार्यकाल के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के साथियों ने जिला बनाने की मांग की ▶▶|शेष पेज 2 पर


हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

# मालखाने से गायब हो गई 70 हजार किलो हेरोइन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा, उन्होंने (याचिकाकर्ता) ▶▶|शेष पेज 2 पर

### रिपोर्ट का दिया हवाला



### गृह मंत्रालय को जांच के आदेश देने का निर्देश

याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।

### पांच लाख करोड़ बताई जा रही कीमत

याचिका में कहा गया है कि विसंगति की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपए की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए।




## खबर संक्षेप

### एसबीआई बैंक से 20 लाख रुपए की लूट

**इंफाल।** मणिपुर में गुरुवार को एक बैंक में लूट का मामला सामने आया है। अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एसबीआई की शाखा से करीब 20 लाख रुपयों की लूट की है।

# भारत बायोटेक ने कहा- कोवैक्सिन सुरक्षित, भारत में हुआ ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में एस्ट्राजेनेका कंपनी की कोरोना वैक्सीन कोविडशील्ड के कथित साइड इफेक्ट्स से जुड़ी खबरों के बीच कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने बयान जारी किया है। भारत बायोटेक ने कहा कि उनके लिए वैक्सीन के असर से ज्यादा लोगों की सुरक्षा पहले है। बयान में भारत बायोटेक की ओर से संकेत में कहा गया कि कोवैक्सीन भारत ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कोविशील्ड विवाद के बीच बड़ा बयान



### इधर, वैक्सीन सर्टिफिकेट से हटी पीएम की तस्वीर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन के सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटा दी है। इससे पहले उनकी तस्वीर को जगह दी गई थी और लिखा गया था- 'साथ मिलकर, भारत कोरोना को हरा देगा।'

ऑटो में आया पार्सल

# पार्सल खोलते ही धमाका पिता-पुत्री की मौके पर मौत



**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा जिले में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पार्सल में पहुंचाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में गुरुवार को धमाका होने से पिता और पुत्री की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दो लड़कियों में एक गंभीर

सहायक रेजीडेंट चिकित्सा अधिकारी विपुल जानी ने बताया कि घायल लड़कियों में एक की हालत गंभीर है और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। पीड़िता के एक परिजन ने बताया कि पार्सल ऑटोरिक्शा पर लाद कर लाया गया था।




लोकसभा चुनाव के दौरान पहली बार कोरबा में रात रुके मुख्यमंत्री

# सीएम साय ने संभाली कोरबा की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

अब जब लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए चंद दिन बाकी हैं तब कोरबा लोकसभा के चुनाव की कमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुद संभाल ली है। पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुख्यमंत्री गुरुवार को पहली बार कोरबा में रात में रुके। उन्होंने विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों मिलकर यह संकेत भी दे दिया कि कोरबा ▶▶|शेष पेज 2 पर

## पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से चर्चा, समाजों से भी मिले

### छत्तीसगढ़ में मेहनतकश किसान

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा है, मेहनतकश किसान हैं। केवल आप सभी का आशीर्वाद मिलेगा तो विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा। कांग्रेस का घर नहीं संभाल रहा है।



### विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सबका आशीर्वाद चाहिए

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी समाज प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में वे अब तक 65 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। सभी तरफ अच्छा वातावरण है। पहले चरण में चारों सीटों पर भाजपा बढ़त पर है। इस व्यस्तता के बीच आप समाज प्रमुखों के दर्शन लाभ के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे गरीब आदिवासी के बेटे को प्रधानमंत्री मोदी जी ने मुख्यमंत्री बनाया। आदिवासी की बेटी को महामहिम राष्ट्रपति बनाया। यह हम सब का सौभाग्य है कि ▶▶|शेष पेज 2 पर

## जैकेट के शेष

### ट्रेनें रद्द, बसें ....

लापरवाही रेलवे को भारी भी पड़ सकती है। 50 से अधिक समर स्पेशल चलाए जाने के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। रेलवे ने 8 मई से दर्जन से अधिक लोकल ट्रेनों को रद्द किया है। आने वाले समय में ट्रेनों में भीड़ और भी बढ़ेगी। गुरुवार को रायपुर स्टेशन खचाखच था। ट्रेन के रुकते ही वहां अफरातफरी के हालात थे। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए जंग लड़ते नजर आए। बाहर गेट तक पहुंचने का झगड़ा और भीतर सीट नहीं, बल्कि खड़े रहने की जगह के लिए मारामारी। भरी दोपहरी पसीने से तरबतर यात्रियों की हालत ऐसी थी कि पहले से खचाखच भरी बोगियों में घुटन महसूस होने लगा।

### पूर्व में भी कई .....

बीजेपी नेता और जनपद सदस्य तिरुपति कटला की 1 मार्च को तब हत्या कर दी थी जब वे शादी समारोह से लौट रहे थे। वहीं 6 मार्च को बीजापुर में ही भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग को अगवा कर मार डाला गया था। बस्तर लोकसभा चुनाव के मतदान से दो दिन पूर्व 17 अप्रैल को नक्सलियों ने नारायणपुर के भाजपा नेता और उपसरपंच पंचम दास की हत्या कर दी। उन्हें गोपनीय सैनिक बताकर मौत की सजा देने की बात कही गई थी। दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने 28 अप्रैल को कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी थी और इसके बाद 2 मई को दो चचेरे भाईयों की जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई।

### साय ने कहा-...

सिलेंडर, निःशुल्क राशन, उपचार की सुविधा सिर्फ मोदी ही दे सकते हैं। वह एक गरीब के बेटे हैं, इसलिए गरीब की जरूरत समझते हैं। कांग्रेस के लोग कहते थे राम मंदिर नहीं बन सकता, लेकिन जनता के सहयोग से मंदिर भी बना और 370 भी हट गई। श्री साय ने कहा कि प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था, एक बार फिर हम मोदी जी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हैं, इसलिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत आवश्यक है। श्री साय ने कहा कि तीसरे चरण के लिए 7 मई को होने वाली वोटिंग में सरगुजा समेत सभी सात सीटों पर प्रदेश की जनता कमल खिलाएगी। उन्होंने कहा कि मोदीजी के तीसरी बार पीएम बनाने के इस उत्सव में कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे। सीएम ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त भेज दी गई है, कांग्रेस के लोग भी खाते चेक कर लें। श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह सरगुजा संभाग में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ है, वैसा ही हश्र लोकसभा चुनाव में भी होना चाहिए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा, भाजपा आपके हर वोट से जनकल्याण की स्कीम बनाती और उसे लागू करती है जबकि कांग्रेस आपके वोट से स्कैम करती है।

### राशन, महादेव, शराब, ...

मृत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति देने में उच्च स्तर पर लेन-देन करने के आरोप हैं। सूत्रों के मुताबिक कोरोना संक्रमण की चपेट में आने से जिन शिक्षकों की मृत्यु हुई थी, उनके परिजनों को जो अनुकंपा नियुक्ति दी गई है, ईओडब्लू ने शिक्षा अधिकारियों को नियुक्ति संबंधित सभी दस्तावेज देने को कहा है। दस्तावेजों की जांच के बाद जांच एजेंसी घोटाले में शामिल अफसर, कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

### इस तरह जानकारी ....

विभाग ने प्रेम कुमार को बर्खास्त कर वेतन के रूप में दी गई राशि की वसूली करने निर्देश जारी किया। इसके लिए मृतक बैजनाथ की पत्नी अंगनी बाई की पेंशन से राशि की वसूली की गई। ऐसे ही मामले बिलासपुर के मुंगेली सहित कई जिलों से सामने आए हैं।

### छत्तीसगढ़ में आठवीं .....

ही किया जा चुका है, इसलिए जून से शुरू होने जा रहे सत्र में पुरानी किताबों से ही अध्ययन-अध्यापन कराया जाएगा। हालांकि एनसीईआरटी किताबों को शत प्रतिशत उसके मूल स्वरूप में नहीं अपनाया जाएगा। इसमें कुछ स्थानीय अंश भी शामिल रहेंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद अर्थात एससीईआरटी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। गत दिनों इस संदर्भ में बैठक भी आयोजित की गई थी। वर्ष के अंत तक इसे अंतिम स्वरूप दे दिया जाएगा। चूंकि पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा निःशुल्क वितरित की जाने वाली किताबों की छपाई संबंधित प्रक्रिया जून में शुरू होने वाले सत्र के पूर्व दिसंबर-जनवरी में ही प्रारंभ कर दी जाती है, इसलिए तय समय सीमा में किताबों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# नारायणपुर मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

- मारे गए माओवादियों में 25 लाख का इनामी एसजेडसीएम जोगन्ना भी शामिल
- मारे गए माओवारी छग के अलावा महाराष्ट्र व तेलगांना के भी

नारायणपुर जिले के टेकमेटा व काकुर के जंगल में 30 अप्रैल को माड़ डिविजन और उत्तर गडचिरोली डिविजन के शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर आपरेशन लांच किया गया था। टेकमेटा के जंगल में हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने एसजेडसीएम, डीवीसीएम व एसीएम रेंज के नक्सलियों समेत 10 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इनमें 8 नक्सलियों की शिनाख्त की जा चुकी है जो छग के बस्तर के अलावा पड़ोसी राज्य तेलगांना व महाराष्ट्र के निवासी है। मारे गए नक्सलियों में सेण्ट्रल जोनल कमेटी मेंबर 25 लाख का इनामी जोगन्ना भी शामिल है। इसके अलावा मारे गए नक्सलियों में 8 लाख का इनामी डीवीसीएम मल्लेश, 8 लाख का इनामी डीवीसीएम विनय, 8 लाख का इनामी सुरेश, 5 लाख की इनामी एसीएम संगीता डोगे, 2 लाख की इनामी सुष्मिता, 2 लाख की इनामी कमली, 1 लाख का इनामी टेकामेटा मिलिट्री कमाण्डर पांडू कवासी शामिल है। वहीं मारे गए दो अन्य नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है, जिनके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। बस्तर आईजी संदरराज पी ने बताया कि 16 घण्टे तक चली मुठभेड़ के बाद 3 महिला एवं 7 वदीर्धारी पुरुष नक्सली के शव बरामद किया गया। इसके अलावा मुठभेड़ स्थल से एके 47, इंसास, 303 रायफल, 315 रायफल 12 बोर व भरमार बंदूक समेत भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किया गया था। मारे गए माओवादियों में दो कि शिनाख्त नहीं हो पाई है, जिनके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

**जस्टिन ट्रूडो के फिर चुभने वाले बोल- 'हम खालिस्तान के साथ हैं'**

ओटावा। जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि भारत और कनाडा दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र हैं। हम दोनों ही देशों को साथ चलना चाहिए, लेकिन हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को नजरअंदाज नहीं कर सकते।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. FOB_DVD_SCM_AMRITBHARAT

**कार्य का नाम :** अमृत भारत योजना के अधीन दुव्वाडा, सिम्हाचलम, कोत्तवलसा एवं दामनजोड़ि स्टेशनों में 12 मीटर चौड़ाई युक्त फूट ओवर ब्रिज के प्रावधान से संबंधित सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश कार्य।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 50,79,411/-, **EMD :** ₹ 1,01,600/-, **पूरा होने की अवधि :** 12 महीने।

**बिड प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 03.05.2024

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 17.05.2024 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, वाल्टियर

PR-72/P/24-25

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निर्माण कार्यो हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) निविदा सूचना संख्याः 177-एसटी-टेंडर-2024 दिनांक : 24.04.2024.

**कार्य :** "एस एंड टी के संबंध में कार्य : 1) ब्रिजराजनगर में स्वास्थ्य इकाई का निर्माण, (2) अतिरिक्त 08 कक्षा और 01 स्नान गृह का निर्माण करके इलेक्ट्रिक लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर का विस्तार, सम्मेलन कक्ष और मनोरंजन कक्ष का उन्नयन और प्रत्येक कक्षा में हाई स्पीड इंटरनेट का प्रावधान।" **निविदा मूल्य :** ₹ 21,93,742.77/– (रूपये इक्कीस लाख तिरानबे हजार सात सौ बयालीस और सतहत्तर पैसे मात्र)। **अमानत राशि :** ₹ 43,900/– (रूपये तैंतालीस हजार नौ सौ रूपये मात्र), **निविदा का जमा होना:** 20.05.2024 के 15:00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/लाइन
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/43

South East Central Railway @secrail


## पेज एक के शेष

### एक और बदलाव...

करने के लिए पात्र होंगे। हालांकि इसके लिए जरूरी होगा कि छात्रों ने हायर सेकेंडरी अथवा स्नातक स्तर पर गणित संबंधित विषय का अध्ययन किया हो। एमसीए में दाखिले के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। स्नातक की उपाधि हासिल करने के साथ ही छात्रों को इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को महाविद्यालयों में सीटें आवंटित की जाएंगी। इस बार एमसीए का आयोजन 13 जून को किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है। इस प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों ही दाखिले का आधार बनेंगे।

### 10 साल में मोदी...

नहीं है। इस टीके को बनाने वाली कंपनी से इन्होंने जमकर चंदा लिया और आज मेडिकल रिपोर्ट आई है कि जिसको टीका लगा, उसमें से एक-दो प्रतिशत लोग गिरकर मर गए, जिसका किसी को पता ही नहीं चला। वर्तमान में कंपनी भी साइड इफेक्ट की बात स्वीकार कर रही है। भाजपा ने इस कंपनी के लोगों से भी जमकर चंदा लिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि चिरमिरी का इलाका प्राकृतिक रूप से बेहद सुंदर है। बचपन में मेरी दादी इंदिरा गांधी हमेशा कहती थी कि आदिवासी संस्कृति के लोगों का एक-दूसरे से अच्छा जुड़ाव होता है। मेरी दादी के कमरे में आज भी आदिवासी संस्कृति की कई कलाकृतियां मौजूद हैं। प्रियंका गांधी ने चिरमिरी के महापुरूषों को याद करते हुए कहा कि चिरमिरी प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण धरती है। यहां अलग-अलग प्रदेशों से लोग आए और खदान में काम किए। सभी ने मिलजुलकर काम किया और चिरमिरी को आगे बढ़ाया। छग का मान सम्मान भी पूरे देश में बढ़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बहुत अच्छे से काम कर छग को आगे बढ़ाने का काम किया है, इसी का नतीजा भी है कि उन्हीं पर सबसे ज्यादा सियासी हमले भी हुए। हमेशा से ही भाजपा ने देश को गलत दिशा देने वाली राजनीति की है। चिरमिरी कोयले का क्षेत्र है, जिसे इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया। यहां के खदानों का राष्ट्रीयकरण कराया, ताकि लोगों को रोजगार और खुशहाली मिल सके। खदानों में यहां लाखों मजदूरों को रोजगार मिला। भाजपा के बड़े-बड़े नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन आप सभी को गहराई से समझने की जरूरत है। बुनियादी समस्याओं पर कभी भाजपा और खासकर पीएम नरेन्द्र मोदी कोई बात नहीं करते। भाजपा देश की संपत्ति का निजीकरण करते हुए सभी अपने चहेते उद्योगपतियों के हाथों में सौंपने का कार्य कर रही है। अब रोजगार की सुरक्षा नहीं रही। खदानों में ठेकेदारी प्रथा से मजदूरों का शोषण हो रहा है। खदानों के लिए जमीनें ली गई, लेकिन उन्हें मुआवजा और नौकरी नहीं मिली है। इस क्षेत्र के लिए आवागमन की कोई सुविधा नहीं है।

उन्होंने कहा कि जो नेता भ्रष्ट थे, उन्हें दबाव डालकर अपने साथ अपनी पार्टी में ले लिए और उनके उपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत छोटे-बड़े सभी नेता महंगाई समेत तमाम समस्याओं पर कोई भी बात नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा रही है कि हमारे नेता जनता के लिए लड़ाई लड़ें, उन्हीं को हम आगे बढ़ाते हैं, क्योंकि जनता ही सर्वोपरि है। हमारे न्याय पत्र की सभी बातें पूरी होंगी, क्योंकि 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में सबसे ज्यादा अन्याय देश के लोगों के साथ हुआ है। भाजपा के लोग धर्म के नाम पर बांट रहे हैं। लोगों की जुबान को दबाने का काम कर रहे हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के समय लोग खुलकर अपनी बातें बेझिझक रखते थे। मंच पर छग प्रभारी सचिन पायलेट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल,अमरजीत भगत, ताम्रध्वज साहू, मोहन मरकाम, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, डॉ.विनय जायसवाल, श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिलाध्यक्ष कोरिया प्रदीप गुप्ता, एमसीबी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, रमेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रभा पटेल, नजीर अजहर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### सभी को जागरूक...

25 लाख तक इलाज, न्यूनतम मजदूरी 400 रूपए, 100 दिन की रोजगार की गारंटी, वन अधिकार अधिनियम, आम लोगों के लिए खास बजट, भूमि अधिग्रहण में संशोधन को हटाया जाएगा, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया जाएगा। अंत में उन्होंने सभी लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत को जिताने की अपील की।

### कांग्रेस लोगों के दिलों...

है, इस इलाके के ग्रामीण अंचल में इंदिरा गांधी लोगों के दिलों में बसती हैं, इसलिए कांग्रेस यहां जीतती हैं और आगे भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे न्याय पत्र को देखकर भाजपा बौखला रही है, इनके पास केवल कांग्रेस के नेताओं को कोसने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है, जबकि हमारे पास महंगाई से लेकर कई तरह के ज्वलंत मुद्दे हैं। इस बार चुनाव जीतकर आने के बाद कोरबा लोकसभा क्षेत्र में और इस चिरमिरी क्षेत्र के लिए कई कार्य करने हैं।

### हमारी योजनाएं सांय-सांय...

थी, जिसे मैंने पूरा किया। यहां मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग उठी थी, जिसे हमने विधानसभा से पारित कर भेज दिया था। हमने किसानों के ऋण माफी के साथ पिछले 5 साल के कार्यकाल में जो वादे किए सभी को पूरा किया। बिजली बिल हॉफ से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल संचालित किया, लेकिन जब से छग में भाजपा की सरकार आई है, सभी योजनाएं सायं-सायं बंद कर रही है। गोबर खरीदी, गौठान, बेरोजगारी भत्ता बंद समेत कई योजनाएं सायं-सायं बंद हो गई। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं के लिए काम करती है, भाजपा के लोग केवल जुमलेबाजी का काम करते हैं।

### मालखाने से गायब हो...

कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का भयानक रूप से गायब होना राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है।

### भारत बायोटेक ने...

सरकार की यूनिट आईसीएमआर के साथ मिलकर विकसित की गई सिर्फ एकमात्र कोरोना वैक्सीन है। कंपनी की ओर से कहा गया कि टीके के प्रभावी होने को लेकर कई टेस्ट किए गए हैं, लेकिन टीका कितना असरदार है, इसके बारे में सोचने से पहले लोगों की सुरक्षा का पहलू ऊपर रखा गया है। भारत बायोटेक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर बयान जारी करते हुए कहा कि वैक्सीन के लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में कोवैक्सीन का इस्तेमाल 27 हजार से ज्यादा लोगों पर किया गया है। क्लिनिकल ट्रायल पूरा होने के बाद ही लाइसेंस दिया गया।

### सीएम साय ने संभाली...

अब उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। बिलासपुर संभाग की प्रमुख आदिवासी लोकसभा सीट कोरबा में 2019 के चुनाव में जीत से चूकी भाजपा इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। औद्योगिक इलाका होने के बावजूद यहां आदिवासियों की संख्या सबसे ज्यादा है। आदिवासी वोटर की बहुलता को ध्यान में रखकर केंद्रीय नेताओं सहित मुख्यमंत्री ने यहां ध्यान केंद्रित किया है। संगठन के नेता नितिन नवीन सहित अन्य लगातार कैंप कर रहे हैं। बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोरबा की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के लिए बड़ी आमसभा को संबोधित किया।इसके बाद गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा पहुंच गए।

आमतौर पर पूरे चुनाव अभियान में मुख्यमंत्री श्री साय दिनभर के चुनावी दौरे के बाद शाम राजधानी रायपुर या अपने ग्रह जिले जशपुर में विश्राम करते रहे हैं, लेकिन गुरुवार को उनका कार्यक्रम बदला। गुरुवार को उन्होंने सुबह बलरामपुर जिले में सभा ली, इसके बाद शक्ति जिले के मालखरौदा फिर मुंगेली जिले में भी आमसभा को संबोधित किया। इसके बाद शाम को वे कोरबा पहुंच गए। आखिरी दौर में उन्होंने कोरबा लोकसभा की कमान संभालते हुए रात में बैठकर पदाधिकारी से आगे की रणनीति पर चर्चा की। आदिवासी मुख्यमंत्री श्री साय का समाज के बीच अच्छा संपर्क है। यह आदिवासियों के बीच भरोसा बढ़ाने में कारगर साबित हो सकता है। वे शाम को विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मिले। इस दौरान रिसोर्ट में उनका स्वागत करने वालों का तांता लग गया। अग्रवाल सभा, श्री गुजराती समाज, यादव समाज,देवांगन समाज, जैन समाज,मानिकपुरी समाज, माहेश्वरी समाज,पूर्वांचल विकास समिति, मानिकपुरी समाज, विश्वकर्मा समाज, कनौजिया राठौर नवचेतना समिति, श्री गुजराती समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, पूज्य सिंधी समाज सहित 55 से अधिक समाजों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत कर मुलाकात की। आत्मीय वातावरण में मुख्यमंत्री सभी से मिले। मुख्यमंत्री के साथ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह मौजूद थे।

### विकसित छत्तीसगढ़ ...

गरीब का बेटा प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। इसीलिए वे हमेशा गांव गरीब की चिंता करते हैं।

उन्होंने पहले कार्यकाल में कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार रहेगी। उस समय मुझे उनके कैबिनेट में राज्य मंत्री रहकर काम करने का अवसर मिला।

## सीएम योगी का डीप फेक वीडियो वायरल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच डीप फेक वीडियो के मामले सामने आने लगे हैं। अभी हाल में ही गृह मंत्री अमित शाह की वीडियो से छेड़छाड़ कर के डीप फेक वीडियो बनाया गया था। अब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का भी डीप फेक वीडियो सामने आया है। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने एक आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराते हुए उसे गिरफ्तार किया है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, **BHARATI BAFNA W/o RAJENDRA KUMAR BAFNA** Residance of House No. 18/1, Ward No. 27, Kailash Nagar Rajnadgaon (C.G.) have changed my old name **BHARATI BAFNA W/o RAJENDRA KUMAR BAFNA,** So in future I should be recognized by my new name that is **BHARTI BAFNA W/o RAJENDRA KUMAR BAFNA** in all Government and other documents.

**BHARTI BAFNA**
House No. 18/1
Ward No. 27
Kailash Nagar Rajnandgaon (C.G.)
Pin Code 491441

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै कुडलू सुजाई नायक पुत्र सुंदर नायक एनटीपीसी लिमिटेड में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हूं, निवासी जे-10 अविनाश न्यू काउंटी, सेक्ट 30 नया रायपुर नवागांव परसत्ती, डाकघर मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)।

यह शपथ करता हुँ कि मैनें अपना यह पुराने नाम को त्याग कर नया नाम कुडलू सुंदरा सुजाई नाईक रख लिया है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम कुडलू सुंदरा सुजाई नाईक पुत्र सुंदर नायक से ही जाना पहचाना जाये।

**कुडलू सुंदरा सुजाई नाईक**
जे-10 अविनाश न्यू काउंटी,
सेक्ट 30 नया रायपुर नवागांव परसत्ती,
डाकघर मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं धीरेन्द्र राव जाचक पिता स्व. श्री शंकर राव जाचक निवासी मराठापारा धमतरी थाना + तहसील + जिला धमतरी छ.ग. का रहने वाला हूं। आम जनता, फर्म व कम्पनी, शासकीय बैंक, अर्धशासकीय बैंक, निगम, सहकारी सोसायटी को सूचित किया जाता है कि मैंने दिनांक 01 मार्च 2024 को श्री हरीश चोपड़ा पिता स्व. चन्दन मल चोपड़ा निवासी चन्द्राकर बाड़ी धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. को अपने स्वामित्व की जमीन पटवारी हल्का नं. 46 रा.नि. मंडल रूद्री का खसरा नं. 743/1 रकबा 38 हेक्टेयर कृषि भूमि आम मुख्यार नामा रजिस्टर्ड प्रदान किया था लेकिन मेरे द्वारा दिनांक 22/04/2024 को प्रदत्त मुख्यार नामा श्री हरीश चोपड़ा पिता स्व. चन्दन मल चोपड़ा निवासी चन्द्राकर बाड़ी धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. का निरस्त करा दिया है, जिसकी रजिस्ट्री मेरे द्वारा दिनांक 22/04/2024 को किया गया है अर्थात अब मेरे उक्त जमीन का श्री हरीश चोपड़ा आम मुख्यार नहीं है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में आम जनता, फर्म व कम्पनी, शासकीय बैंक, अर्धशासकीय बैंक, निगम, सहकारी सोसायटी कोई क्रय विक्रय या रहन गहन ना करे यदि कोई करते हैं, तो उसकी स्वयं की पूरी जवाबदारी क्रय-विक्रय करने वाले व्यक्ति की होगी।

अतः सूचना जाने।

दिनांक 29/04/2024

भवदीय
धीरेन्द्र राव पिता स्व. श्री शंकर राव जाचक
निवासी मराठा पारा धमतरी
तहसील व जिला धमतरी छ.ग.


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


**जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**निविदा सूचना 2024-25**

जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला, जिला कबीरधाम में सत्र 2024-25 के लिए सामग्री क्रय करने हेतु केवल पंजीकृत फर्मो / आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी सहित सामग्री सूची विद्यालय कार्यालय से कार्यालीन दिवसों में दिनांक 03.05.2024 से 21.05.2024 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक फार्म शुल्क 200/- रु. मात्र के नगद भुगतान कर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है या ऑनलाइन विद्यालय के खाता क्रमांक 11219102017 प्राचार्य ज० न० वि० कबीरधाम में शुल्क 200/- रु. भुगतान कर विद्यालय ई-मेल (jnvkabirdham@gmail.com) पर भुगतान की कॉपी एवं सभी प्रमाणपत्र टेंडर फार्म के आवेदन के साथ संलग्न कर भेजने पर संबंधित फर्म को उनके ईमेल पर निविदा फॉर्म दिया जायेगा। जी.एस.टी., आयकर गणना एवं जी. एस. टी. रिटर्न ( 2022.23) या ( 2023 2024 ) जमा करने वाले फर्म को ही निविदा फार्म जारी किया जायेगा। पूर्ण रूपेण भरी हुई मुहरबंद निविदा इस विद्यालय में निर्धारित धरोहर राशि जो बैंक ड्राफ्ट या चेक के रूप में प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, कवर्धा जिला कबीरधाम एस.बी.आई. सहसपुर लोहारा, बैंक कोड 03850 को देय हो के साथ दिनांक 21.05.2024 को सायं 05.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक से या स्वयं विद्यालय निविदा पेटिका में आकर जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन भेजी गयी निविदा स्वीकार / मान्य नहीं होगी। दिनांक 21.05.2023 सायं 05.00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले निविदा फ़ार्म पर विचार नही किया जायेगा। प्राप्त निविदाये विद्यालय क्रय सलाहकार समिति की बैठक में दिनांक 22.05.2024 को अपराहन 03.00 बजे खोली जावेगी जिसमे निविदाताओं को नमूने के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा निविदा फ़ार्म जमा करते समय जी. एस. टी., टिन नंबर प्रमाण पत्र, आयकर तथा व्यावसायिक कर विगत वर्ष 2022-23 या 2023-24 का अदेयता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। भरे हुये निविदा फॉर्म एवं दर सूची के हरेक पृष्ठ पर निविदा दाता का हस्ताक्षर आवश्यक है। क्रम संख्या 04 से 09 तक की सामग्री के लिए जी. एस. टी. अनिवार्य नहीं है। न. वि.स. के नियमानुसार जी.एस.टी. बिलो पर रू 1.00 से 2.5 लाख से अधिक विपत्र राशि पर 2% टी. डी. एस. कटौती कर भुगतान किया जायेगा।

**निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित है।**

| क्र. | निविदा का नाम | धरोहर राशि | क्र. | निविदा का नाम | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | खाद्य सामग्री | 30000/- | 05 | यूनिफार्म सिलाई | 2000/- |
| 02 | मरम्मत एवं रिपेयरिंग (हार्डवेयर सामान एवं सिविल सामग्री) | 7000/- | 06 | कपडा यूनिफार्म धुलाई एवं प्रेस | 500/- |
| 03 | सब्जी एवं फल | 12000/- | 07 | बेकरी एवं स्वीट्स | 5000/- |
| 04 | अंडा, चिकन, मटन, मछली | 3000/- | | | |

प्राचार्य
ज.न.वि. कबीरधाम

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, जिला बस्तर जगदलपुर**

**अधिसूचना**

क्रमांक/क/ भू-अर्जन / 01 / अ-82 / 2023-24 — जगदलपुर, दिनांक 29 अप्रैल, 2024

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम -2013 की धारा 19 (2) के तहत यह घोषित किया जाता है दलपत सागर वार्ड क्रमांक 18, विद्या ज्योति स्कूल के सामने से गायत्री नगर तक (चित्रकोट रोड बिनाका माल के सामने गली) में रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु ग्राम जगदलपुर देहात, प.ह.नं. 05, राजस्व निरीक्षक मंडल जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर स्थित निजी भूमि अर्जन से प्रभावित खातेदार / परिवार को निम्नानुसार पुनर्वास लाभ प्राप्त होंगे।

| क्र. | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हकदारी के अवयय | क्या उपलब्ध कराया गया है यदि उपलब्ध कराया गया है तो ब्यौरा दें |
|---|---|---|
| 01 | विस्थापन की दशा में मकान इकाइयों की व्यवस्था | लागू नहीं होता। |
| 02 | भूमि के लिए भूमि | लागू नहीं होता। |
| 03 | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना | लागू नहीं होता। |
| 04 | वार्षिक या नियोजन का विकल्प | छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश क्रमांक एफ-7-4 / सात-1/2015 दिनांक 29.08.2016 में निहित निर्देश / प्रावधान अनुसार भू-अर्जन अधिनियम 2013 की अनुसूची 'दो' की कंडिका-4 का लाभ पात्र प्रभावित खातेदार / परिवार को प्राप्त होगा। |
| 05 | विस्थापित कुटुम्बों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन निर्वाह अनुदान | लागू नहीं होता। |
| 06 | विस्थापित कुटुम्बों के लिए परिवहन खर्च | लागू नहीं होता। |
| 07 | पशु बाड़ा/छोटी दुकान खर्च | लागू नहीं होता। |
| 08 | कारीगरों, छोटे व्यापारियों और कतिपय अन्य को एक बार अनुदान | लागू नहीं होता। |
| 09 | मछली पकड़ने का अधिकार | लागू नहीं होता। |
| 10 | एक बार पुनर्व्यवस्थापन भत्ता | लागू नहीं होता। |
| 11 | स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस | लागू नहीं होता। |

2. तद्नुसार आज दिनांक 29/04/2024 को यह घोषणा पत्र जारी किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
( विजय दयाराम के)
कलेक्टर, जिला बस्तर एवं पदेन उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बस्तर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, जिला बस्तर, जगदलपुर**

**"अधिसूचना"**

क्रमांक / क / भू-अर्जन /01/अ-82/2023-24 — जगदलपुर दिनांक 29 अप्रेल, 2024

चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि की दलपत सागर वार्ड क्रमांक 18 विद्या ज्योति स्कूल के सामने से गायत्री नगर तक (चित्रकोट रोड बिनाका माल के सामने गली) में रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु ग्राम जगदलपुर देहात, प.ह.नं. 05, राजस्व निरीक्षक मंडल जगदलपुर, तहसील जगदलपुर जिला बस्तर स्थित निजी भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 19(1) के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

**अनुसूची**

**भूमि का वर्णन :-**

01/ जिला - बस्तर
02/ तहसील - जगदलपुर
03/ ग्राम / नगर - जगदलपुर देहात, प.ह.नं. 05
04/ भूमि का क्षेत्रफल - 0.053 हेक्टेयर


| क्र. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 01 | 99/1/4 में से | 0.053 |
| योग | 99/1/4 में से | 0.053 |

01/ भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) / भू-अर्जन अधिकारी जगदलपुर, जिला बस्तर तथा आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला बस्तर के कार्यालय में किया जा सकता है।

02/ प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
(विजय दयाराम के.)
कलेक्टर जिला बस्तर
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग


## शब्द पहेली - 5500



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5499 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5511

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5510 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# सिद्धार्थ संग मंदिर में की थी सगाई

'हीरामंडी' में नजर आ रहीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने इस साल मार्च में साउथ फिल्मों के स्टार सिद्धार्थ से गुपचुप सगाई कर ली थी। दोनों साल 2021 से छुपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, और कभी अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल नहीं किया। और उसी बीच उन्होंने सगाई कर रिश्ते पर मुहर लगा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सगाई के बाद भी अदिति राव और सिद्धार्थ इसे लेकर चुप रहे, पर अब एक्ट्रेस ने अपनी सगाई की कुछ डिटेल शेयर की हैं। अदिति ने बताया कि उन्होंने सिद्धार्थ के साथ परिवार के 400 साल पुराने मंदिर में सगाई की। अदिति ने इसकी वजह भी बताई है। अदिति ने बताया, 'मैं हमारी शुरुआत अपने परिवार के एक मंदिर से करना चाहती थी, जो 400 साल पुराना है। मैं वहां जाकर पूजा करना चाहती थी। वहां हमने सगाई की छोटी सी रस्म की। चारों ओर बहुत सारी अफवाहें चल रही थीं, इसलिए सबकुछ क्लियर करने के लिए हमने इंस्टाग्राम पर सगाई वाली तस्वीर पोस्ट करने का फैसला किया।' 'मेरी मां ने मुझसे कहा था कि प्लीज लोगों को बता दो, नॉनस्टॉप बहुत फोन आ रहे हैं। तो ये कुछ ऐसा था कि उन्होंने हां कहा और मैंने भी हां कहा।' मालूम हो कि अदिति राव और सिद्धार्थ ने अपनी सगाई की अंगूठी दिखाते हुए तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी और साथ में बताया था कि उन्होंने सगाई कर ली है। अदिति के मुताबिक, वह तस्वीर उनके घर पर खींची गई थी। वहीं, शादी को लेकर सिद्धार्थ ने एक इवेंट में कहा था कि शादी की तारीख घर के बड़े तय करेंगे। वो फैसला लेंगे कि क्या करना है।



# मई-जून में बॉलीवुड सुपरस्टार्स की फिल्में नहीं हो रहीं रिलीज, ठंडा पड़ा है बॉक्स ऑफिस...

*गर्मियों की छुट्टियों को अमूमन बॉलीवुड में कमाई का सीजन समझा जाता है और इस दौरान बड़े सितारे अपनी फिल्में रिलीज करते हैं। लेकिन इस बार मई-जून के महीने में किसी बॉलीवुड सुपरस्टार की फिल्म रिलीज नहीं होगी। जबकि बीते साल जून के महीने में सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' रिलीज होनी थी, लेकिन आखिरी मौके पर फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हो पाने के चलते उसे पोस्टपोन कर दी गई। यह तो सिर्फ एक बानगी है। वरना गर्मियों की छुट्टियों के सीजन को फिल्मवाले हमेशा से कमाई का मौका मानकर चलते हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि इस बार मई-जून के महीने में किसी बड़े बॉलीवुड सुपर सितारे की फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।*

**मुंबई।** फिल्म रिलीज कैलेंडर पर नजर डालें तो जून में रिलीज होने वाली कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' के अलावा कोई दूसरी बड़ी हिंदी फिल्म समर सीजन में सिनेमाघरों पर नहीं आएगी। जबकि अगर बीते सालों पर नजर डालें तो साल 2019 में सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'भारत' और साल 2018 में रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म 'संजू समर' सीजन में ही रिलीज हुई थीं। गर्मियों के मौसम में बॉलीवुड के मैदान खाली छोड़ देने के ट्रेंड के बारे में फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस बार की गर्मियों में सिनेमा का बिजनेस एकदम ठंडा पड़ा हुआ है। वरना इस दौरान गर्मियों की छुट्टियों के चलते यह पीरियड हमेशा से बॉलीवुडवालों के लिए कमाऊ माना जाता रहा है।



## चुनाव के चलते फिल्मों का टोटा

समर सीजन में सिनेमाघरों में पड़े बड़ी फिल्मों के अकाल के बारे में प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट गिरीश जौहर कहते हैं, 'गर्मियों की छुट्टियों को हमेशा से फिल्मों के लिए कमाऊ सीजन माना जाता है। लेकिन इस बार चुनावों के चलते इस दौरान बड़ी फिल्में रिलीज नहीं हो रही हैं। दरअसल, बड़ी फिल्मों की रिलीज के लिए बड़े मार्केटिंग प्लान की जरूरत होती है। लेकिन फिलहाल चुनाव के चलते हर ओर दूसरी चीजें हावी हैं। ऐसे में, अगर कोई बड़े बजट की फिल्म का निर्माता उसके प्रमोशन के लिए कोई ऐड या जगह भी बुक करता है, तो वह उसे आसानी से नहीं मिलेगा और उसे उसके लिए ज्यादा पैसा भी चुकाना होगा।



# हेमा ने 44वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर धर्मेंद्र संग शेयर किया प्यारा वीडियो

**मुंबई।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की शादी को 44 साल हो चुके हैं। 44वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर एक्ट्रेस ने एक प्यारा वीडियो शेयर कर पति धर्मेंद्र को वेडिंग एनिवर्सरी विश की है। हेमा मालिनी ने जो वीडियो शेयर किया है, वह एक फैन ने बनाया है। इसमें दोनों स्टार्स की जवानी से लेकर अब तक की अनदेखी तस्वीरों और यादगार पलों को समेटा गया है। हेमा मालिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर धर्मेन्द्र को शादी की 44वीं सालगिरह की बधाई दी, और लिखा, 'आज हमारी शादी की सालगिरह है। 44 साल का साथ, 2 खूबसूरत बेटियां, प्यारे बच्चे हमारे आसपास हैं और हमें अपने प्यार से सराबोर कर रहे हैं। हमारे फैंस हैं, जो हम पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। मुझे जिंदगी में और क्या चाहिए? खुशी के इस तोहफे के लिए हम भगवान के प्रति बहुत आभारी हैं।'




# शाहरुख थे 'मुन्ना भाई...' के लिए पहली पसंद

**मुंबई।** 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' एक ऐसी फिल्म थी जिसने दर्शकों के दिल पर आज तक अपनी छाप बनाए रखी है। आज भी जब कोई नकल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे 'मुन्ना भाई' की उपाधि दे दी जाती है। मुन्ना भाई एमबीबीएस में मुन्ना का किरदार निभाने वाले अभिनेता संजय दत्त और उनके साथी सर्किट (अरशद वारसी) चुटकुलों के माध्यम से हर किसी की जुबां पर हैं। अब 21 सालों बाद इस राज से पर्दा उठा है कि मुन्ना भाई के रोल के लिए पहली पसंद संजय दत्त नहीं थे। यह खुलासा अभिनेता मकरंद देशपांडे ने किया है। अभिनेता मकरंद देशपांडे को अब तक की सबसे प्रतिष्ठित हिंदी फिल्मों में काम करने का मौका मिला था।

**Aqua Machineries Pvt. Ltd.**
Plot No.442/2, Nr. Haridarshan Estate, Nr. Express Highway, Ramol- Vatva, Ahmedabad. www.aquapumps.com
India's Fastest Growing Pump Manufacturer, World's 2nd Largest Plant with excellent Staff Facilities
:: Marketing Executive based at Raipur/ Bilaspur ::
- Min Dipl Engg (Elect/Mech/ Instrumentation)/ BSc PCM with min 5yrs of exp in Sales of Motors / Pumps / Switchgear/ Flowmeter/ Valves to Industry/ Power/ Mines.
- Area of Operation in Entire CG, Eastern Maharashtra, Southern Jharkhand and Western Odisha - ready to do extensive Travelling.
knj@aquapumps.com - hr@aquapumps.com

# फिल्म 'पुष्पा 2' का पहला धमाकेदार गाना हुआ रिलीज ...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन की यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। वहीं फिल्म के मेकर्स ने फिल्म के गाने 'पुष्पा-पुष्पा' को रिलीज कर दिया है। दर्शकों में इस गाने को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। 'पुष्पा 2: द रूल' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन के अलावा इस फिल्म रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। वहीं, दर्शकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म के गाने 'पुष्पा-पुष्पा' को रिलीज कर दिया है। इस गाने में 'पुष्पा' के गुणों के बारे बताया गया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' अपने रिलीज के लिए तैयार है। वहीं मेकर्स ने फिल्म के गाने को रिलीज करके दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया है।




# श्रेया और सुनिधि ने साझा की तस्वीरें

**मुंबई।** श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान भारत की दो बेहतरीन गायिकाएं हैं। इन्होंने कई सुपरहिट गाने दिए हैं। भारतीय संगीत की दुनिया में इन दोनों अभिनेत्रियों ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। दोनों ही गायिकाओं को उनकी आवाज और बहुमुखी अंदाज के लिए जाना जाता है। दोनों लंबे समय से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। हाल में ही दोनों की फ्लाइट में मुलाकात हो गई, जिसके बाद उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीर में दोनों मुस्कुराते हुए सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए श्रेया ने लिखा, 'एस सी एस जी ने इंटरनेट पर मचाया धूम'। श्रेया और सुनिधि की यह तस्वीर लोगों को काफी पसंद आई है। इस पोस्ट पर दोनों गायिकाओं के फैंस खूब प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। श्रेया की इस पोस्ट पर सुनिधि ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।



# ताज के सामने पोज देते हुए बेहोश हो गई थीं मिस यूनिवर्स सुष्मिता

मुंबई। साल 1994 में जब सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का ताज पहना था, वह भारत के लिए गर्व का पल था. ताज जीतने के बाद सुष्मिता सेन का ताजमहल के सामने आइकॉनिक फोटोशूट हुआ था। एक्ट्रेस ने इसके लिए डार्क गुलाबी साड़ी पहनी थी, लेकिन इस फोटोशूट के शुरुआत में अभिनेत्री को पहनने के लिए शॉर्ट्स भेजे गए थे। फैशन डिजाइनर रितु कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे इस शूटिंग के लिए उन्होंने आखिरी समय में साड़ी तैयार करवाई थी। रितु कुमार ने अपने इंस्टा हैंडल पर एक आर्काइव वीडियो शेयर किया है, जिसमें सुष्मिता सेन का शूट होता नजर आ रहा है। उन्होंने शूटिंग के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उस वक्त सुष्मिता सेन बेहोश हो गई थीं। रितु ने लिखा, 1993 में मैंने कंटेस्टेंट्स के लिए कपड़े डिजाइन करने के लिए मिस इंडिया टीम के साथ एक डील की थी।





**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONDEKHURD: Yash Honda - 9826146586; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; MANDIR HASAUD: Gurukripa Honda - 9827892427: NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; AMBAGARH CHOWKI: Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**




### अश्लील वीडियो केस में एसआईटी का एक्शन

# जेडीएस सांसद प्रज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**नई दिल्ली।** जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एसआईटी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। सेक्स स्कैंडल की जांच कर रही एसआईटी ने आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।



एसआईटी की तरफ से ये एक्शन तब लिया गया है, जब आरोपी प्रज्वल रेवन्ना और उसके विधायक पिता एच डी रेवन्ना जारी नोटिस पर पेश नहीं हुए।

## क्या है मामला?

आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के घर काम करने वाली महिला ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने जेडीएस सांसद पर आईसीपी के सेक्शन 354ए (यौन शोषण), 354डी (पीछा करना), 506 (धमकी) और 509 (महिला की गरिमा का अपमान) के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद रेवन्ना से जुड़े वीडियो भी वायरल होने लगे। बताया गया कि रेवन्ना ने एक दो नहीं, बल्कि कई महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न किया है।

दरअसल, कर्नाटक राज्य महिला आयोग की सिफारिश पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यौन उत्पीड़न की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रज्वल ने एसआईटी के आगे पेश होने के लिए 7 दिन का समय मांगा था, जिससे इंकार कर दिया गया। इसके बाद ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद जैसे ही जेडीएस सांसद भारत में एंट्री या इमिग्रेशन प्वाइंट्स पर रिपोर्ट करता है, वैसे ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में न तो उससे कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई और न ही (कोई मंजूरी) जारी की गई। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है।

**जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत कर दिया ढेर : सांबा।** जिले की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीती रात बीएसएफ ने एक संदिग्ध को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा। जवानों ने गोलाबारी कर उसे ढेर कर दिया।

## गुमशुदा सूचना



नाम **कु. वेदनी बंजारे** पिता श्री ढुलू राम बंजारे, निवासी- ग्राम बकतरा, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) जो कि एक पढ़ी लिखी लड़की है। कद 5 फुट 2 इंच, रंग गेहुआ गोरी, चेहरा गोल सिम्पल शरीर की है। माता पिता का एकलौती औलाद है। दिनांक 04/04/2024 को मंदिर हसौद चौक से लगभग 11:15 बजे से गुम हो गई है। जिसकी सूचना थाना मंदिर हसौद को दिया जा चुका है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कु. वेदनी बंजारे का पता चलने पर नीचे दिए नंबर पर संपर्क करें। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

**ढूलू राम बंजारे**
**ग्राम-बकतरा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 62635-07943**




## गोलीबारी में गोल्डी बरार की नहीं अफ्रीकी नागरिक की हुई थी मौत



**कैलिफोर्निया।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में मास्टरमाइंड और भारत के मोस्ट वॉन्टेड गोल्डी बरार की हत्या नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक वह अभी भी जिंदा है। सूत्रों के मुताबिक अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुई गोलीबारी में एक अफ्रीकी शख्स की मौत हुई है। वह गोल्डी बरार जैसा दिखाई देता है। जिस समय यह घटना हुई उसी समय वहां से गुजर रहे एक पंजाबी शख्स ने गोल्डी बरार की हत्या की बात फैला दी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में गोल्डी बरार की मौत को दावा किया गया था। दावा किया गया कि बरार पर मंगलवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में हमला किया गया था। हालांकि कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो पुलिस ने इन रिपोर्ट्स का खंडन किया है।

## चीन के समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री का अगले सप्ताह भारत दौरा



**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के रिश्तों में चल रहे खटास के बीच मुइज्जू सरकार के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार मूसा जमीर के भारत दौरे को लेकर अभी डेट तय नहीं हुई है। लेकिन अनुमानतः मई के पहले या दूसरे सप्ताह में मूसा का भारत दौरा हो सकता है। वहीं मूसा अगर भारत दौरे पर आते हैं तो मालदीव की नई मुइज्जू सरकार का ये पहला भारत दौरा होगा। अभी तक जब भी मालदीव में किसी की भी सरकार बनती थी तो उस समय राष्ट्रपति सबसे पहले भारत का दौरा करता था।

# हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
**Raipur- 79871-19756**
**6263818152**

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** Hari group हेतु सिक्युरिटी गार्ड, लेडीज गार्ड, गनमैन, हाउसकीपिंग हेतु आया बाई। बेतनमान- 10000 से 15000 आधारकार्ड ,फोटो एवं मार्कसीट छयाप्रति लेकर **संपर्क करे कृष्णा प्लाजा ,अश्वनी नगर लाखेनगर रायपुर** 8085435101 , 7909336654 ,7713568537.(RO-956)

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

### शोरूम

**आवश्यकता है-** महंत फर्नीचर शोरूम में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है, **पता:- महंत फर्नीचर** in front of HDFC Bank pandri Raipur **संपर्क करें:-** 9826243376, 9926556946. (RO-970)

### सेल्समेन

**Requirment-** SALES JOB VACANCY S.K SOLVENT (I) PVT LTD. RAIPUR Post- Salesman Age: 28-45 Salary-15000-25000 per month (Additional Commission based on Sales Generated) Experience - 4-5 Years in Edible Oil Industry (Compulsory Experience in Edible Oil Industry) Vacancy-10 Whatsapp only no. 9948417000 , 9893832672 (RO-964)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### वार्डन/कुक

**आवश्यकता है-** सेक्टर 10 भिलाई में महिला छात्रावास में काम करने हेतु (1)परिपक्व महिला हॉस्टल वार्डन(2) खाना बनाने हेतु कुक की आवश्यकता है ,रहना और खाना फ्री ,वेतन योग्यतानुसार **मो.** 9399629090, 9303839586 (Ro458)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** फुल टाइम अनुभवी इलेक्ट्रीशियन की **संतोषी नगर रायपुर** 7024112110.(RO-3968)

### दुकान/शॉप वर्क

**आवश्यकता है-** राखी दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है, **संपर्क करें। गोपी राखी बंजारी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर मोबाइल-** 7024636503. (RO-969)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नटबोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता योग्यता पांचवी, बारहवीं वेतन 13000 से योग्यतानुसार **बॉम्बे मार्केट राज टॉकीज के सामने-** 9993244000. (RO-3971)

**आवश्यकता है-** कॉस्मेटिक और आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। **स्थान- निखार फैंसी, सेक्टर- 6 A मार्केट, भिलाई नगर मोबाइल-** 98261-86026. (Ro-461)

### घरेलु/माली कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में स्थित घर पर रहकर खाना बनाने एवं अन्य कार्य कर सकने वाली तथा पुरुष जो बगीचे की देखभाल वह जानकारी रखता हो ऐसे परिवार की आवश्यकता है छोटे परिवार ही संपर्क करें। घर जैसा वातावरण, रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतन आवश्यकता अनुसार **संपर्क-** 7974100341.(RO-4411)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, ड्राइविंग लाइसेंस व दोनो डोज वैक्सीन सर्टिफिकेट अवश्य लाये । सैलरी 18000/-प्रतिमाह । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :-** 9644720222. (RO-05)

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक लग्जरी कारें चलाने घरेलू ड्राइवर चाहिए रहने हेतु रूम है आदतन शराबी न हो, पत्नी हेतु भी अच्छा खाना बनाने व घर कार्य है योग्य व्यक्ति तुरंत मिलें **टाटीबंध हीरापुर रायपुर में** 8889986669.(RO-2709)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास टाटा ऐस और ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर व टाटा ऐस में चलने और अन्य हेमाली कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:-** 9754160228.(RO-1215)

### पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोलपंप रानी अवन्तिबाई चौक कोहका रोड़ भिलाई में पेट्रोंल एवं डीजल डालने हेतु DSM (LADIES/GENTS) की आवश्यकता है। **संपर्क मो.-** 99261-23539, 76928-88808, 83191-53895.(आरो न.-457)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कुक

**आवश्यकता है-** कुक महिला घरेलू अनुभवी जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने हेतु रूम और परिवार को भी काम मिल सकता है **टाटीबंध हीरापुर रायपुर मोबाइल नंबर:-** 6266919193.(RO-2708)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने हेतु महिला/युवती की आवश्यकता है तुरन्त **सम्पर्क करें:- सूरज आयुर्वेद सेवाश्रम** I.M.A **चौक, रेल्वे ओवरब्रिज के सामने, मोहननगर, दुर्ग (छ.ग.) मो.-**94252-42403.(आरो न.-6070)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर :** 7772011223. (RO-3919)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु 20 से 28वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ आवास फ्री। पोस्टिंग छत्तीसगढ़ से बाहर। ज्वाइनिंग हेतु कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। **सम्पर्क करें-** 8273598932, 6387630593. (RO-33956)

### सफाई कर्मी

**आवश्यकता है-** देवपुरी रायपुर में घर में दिन भर साफ सफाई के लिए काम करने के लिए महिला वेतन 9,000 महीना और फार्म हाउस में काम करने के लिए पति-पत्नी की आवश्यकता है एवं ड्राइवर 10 पद के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क:-** 8448107841, 9302708426. (RO-2707)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टेलीकॉलर/फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को आवश्यकता है : टेलीकॉलर- 10 पद एवं फील्ड एक्जीक्यूटिव 10 पद , स्वयं का वाहन अनिवार्य. **संपर्क : आरडीए कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 15 फर्स्ट फ्लोर न्यू राजेंद्रनगर, रायपुर. :** +91 9179042065, 7611107533. (RO-A)

### सिलाई/कटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी बैग सिलाई व कटिंग हेतु लड़की व लडको की आवश्यकता है **पता= शीतला मंदिर बूढ़ापारा रायपुर** 8109801993. (RO-3973)

### सेल्समैन/दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन व दुकान में काम करने लड़कों की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करे- निर्मल सेल्स,रायपुर, मो. नं.** 9300659227. (RO-7472)

### प्यून

**आवश्यकता है-** ऑफिस (कार्यालय) में कार्य करने हेतु प्यून (उम्र 18-25वर्ष) की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता10वी पास। **पता गेट एकेडमी,गली नंबर 4, नरसिंहविहार, कातुलबोद, भिलाई, वेतन योग्यतानुसार मो.-** 7879984393, 8358800052 **संपर्क- समय** 10am से 7pm (Ro-460)

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन** 4092158. (RO-49)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### हेल्पर/डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट एजेंसी में कार्य करने हेतु हेल्पर एवम डिलीवरी लडके की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें (केवल भिलाई & दुर्ग)के लिए** 8839412038(Ro459)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली कम्पनी द्वारा सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12th पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट **व्हाट्सएप /कॉल करे -** 9046968782.(RO-126)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर **संपर्क:-** 07827124935. (RO-2705)

## Property प्रापर्टी

### मकान/जमीन

**मकान बेचना है-** देवपुरी हर्ष रेजिडेंसी में स्वतंत्र दो मंजिला वास्तु अनुरूप सुख मकान बेचना है **संपर्क करें** 9039351359 9425206595.(RO-7351)

**जमीन बेचना है-** दुर्ग जिले के जामूल और खेदामारा के बीच ढौर रोड में 11850 वर्ग फीट आवास योग्य जमीन बेचना है। **संपर्क करे - किशोर गौतम मो.** 8817310482. (RO-507)




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो

**देखा जाए** तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।




- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम

कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब



तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।

चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102



1. भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2. भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3. पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10. 'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

**बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। **-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय :** क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। **-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। **-मोहन, भोपाल**



हास्य कथा

समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला,'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

**रंग भरो-149** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तनिष्क, रायपुर

सौम्या, बालोद

समृद्धि, शहडोल

सुयश, बिलासपुर

सत्यम, रायपुर

विशु, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली

## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड की कुल थोक बिक्री 10 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 14,271 इकाई हो गई। यह पिछले साल इसी महीने में यह 12,974 इकाई थी। बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत बढ़कर 13,446 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,366 इकाई थी।

### डाबर का मार्च तिमाही लाभ 16.5 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है।

### अदाणी एंटरप्राइजेज के शुद्ध लाभ में 37 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत गिरकर 450.58 करोड़ रुपये पर आ गया। लाभ में गिरावट आई है। 2023-24 की जनवरी-मार्च में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 450.58 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 722.48 करोड़ रुपये रहा था।

### ब्लू स्टार का लाभ 29 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर (एसी) और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन प्रणाली बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत घटकर 159.71 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 225.29 करोड़ रुपये था।

### आर्सेलर मित्तल का लाभ 10% घटकर 90 करोड़ डॉलर पर




**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल का 31 मार्च को समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटकर 90 करोड़ डॉलर रहा है। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में एक अरब डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। लक्ज़मबर्ग स्थित आर्सेलरमित्तल दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत स्टील व खनन कंपनी है।

# अरबों डॉलर की संपत्ति के मालिक झाओ बने दुनिया के सबसे अमीर कैदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिप्टो की दुनिया के जाने-माने नाम चांगपेंग झाओ के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है, जो शायद ही किसी को पसंद आए। अरबों डॉलर की दौलत के मालिक चांगपेंग झाओ के नाम दुनिया के सबसे अमीर कैदी का रिकॉर्ड दर्ज होने वाला है।

- अमेरिकी की एक अदालत ने 4 माह के जेल की सजा सुनाई

प्रमुख ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चांगपेंग झाओ को अमेरिका की एक अदालत ने जेल की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ पिछले साल मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा अमेरिका के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों और प्रतिबंधों के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। झाओ ने मामले में खुद को दोषी मान लिया है। उन्हें इसी सप्ताह मंगलवार को 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई।

## झाओ ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर है

### इतनी है बाइनेंस फाउंडर की दौलत

ब्लूमबर्ग के अनुसार, बाइनेंस फाउंडर चांगपेंग झाओ की मौजूदा नेटवर्थ लगभग 36.4 बिलियन डॉलर है। अरबों डॉलर की दौलत के साथ ब्लूमबर्ग की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में चांगपेंग अभी 42वें स्थान पर हैं। वहीं फोर्ब्स की लिस्ट में उनकी नेटवर्थ 33 बिलियन डॉलर बताई गई है और सबसे अमीर लोगों की सूची में 50वें स्थान पर रखा गया है।





### क्रिप्टो इंडस्ट्री का दूसरा बड़ा मामला

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी दौलत के साथ बाइनेंस फाउंडर न सिर्फ अमेरिका के इतिहास में, बल्कि संभवतः पूरी दुनिया के इतिहास में अब तक के सबसे अमीर कैदी बनने वाले हैं। यह बीते कुछ समय में क्रिप्टो इंडस्ट्री के दूसरे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति को जेल की सजा हुई है। इससे पहले एफटीएक्स के सैम बैंकमैन-फ्रायड को धोखाधड़ी के मामले में जेल भेजा जा चुका है।

### फ्रायड से बहुत कम है चांगपेंग की सजा

हालांकि बाइनेंस फाउंडर का मामला बिलकुल अलग है और उन्हें सजा भी मामूली मिली है। प्रोसेक्यूटर चांगपेंग को 3 साल की कैद की सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। सैम बैंकमैन फ्रायड को 25 साल के कारावास की सजा मिली हुई है। फ्रायड के ऊपर ग्राहकों के साथ 8 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उनकी क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी एफटीएक्स दिवालिया हो चुकी है।

## अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि धीमी रही

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि से अप्रैल में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

- पीएमआई अप्रैल में घटकर 58 .8 फीसदी हो गया
- मजबूत मांग के कारण उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई
- कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है



### मजबूत मांग की स्थिति

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी।

### कच्चे माल व श्रम की लागत बढ़ी

भंडारी ने कहा, 'कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति ऐतिहासिक औसत से नीचे बनी हुई है।' कंपनियों ने उत्पादन शुल्क बढ़ाकर इस वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया, क्योंकि मांग मजबूत बनी रही जिसके परिणामस्वरूप मुनाफे में सुधार हुआ।

***नए ठेके में तेजी से वृद्धिः*** *कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।*

### 400 कंपनियों को भेजा गया सवाल जवाब

एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### देश का सेवा निर्यात मामूली घटा


देश का सेवा निर्यात मार्च में 1.3 प्रतिशत घटकर 30 अरब डॉलर रहा। वहीं आयात 2.1 प्रतिशत कम होकर 16.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के देश के अंतरराष्ट्रीय सेवा व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, इस साल मार्च में 13.4 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा। सेवा निर्यात और आयात दोनों पिछले दो महीनों में सकारात्मक दायरे में रहे हैं।

### सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर रहा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर और आयात 177.56 अरब डॉलर रहा। व्यापार अधिशेष यानी निर्यात और आयात का अंतर आलोच्य वित्त वर्ष में 162 अरब डॉलर रहा। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) 2023-24 में 776.68 अरब डॉलर का रहा जो 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर था।

# भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का आयात बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चीन और हांगकांग की आयात हिस्सेदारी 56 प्रतिशत
- आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हुआ

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है।

इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है। रिपोर्ट कहती है, 'ये क्षेत्र लाखों लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। हालांकि चीन से आयात पर भारत की अत्यधिक निर्भरता देश की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करती है।'

### आधे से अधिक बाजार पर चीन का कब्जा

रिपोर्ट के मुताबिक, कंप्यूटर से लेकर स्मार्टफोन तक तमाम इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 'इंटीग्रेटेड सर्किट' (आईसी) का आयात 2020-2022 में बढ़कर 4.2 अरब डालर हो गया है जो 2007-2010 के दौरान 16.61 करोड़ डालर ही था। इसी तरह, फोन और अन्य वायरलेस उपकरणों सहित संचार उपकरणों के आयात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह बढ़कर 3.69 अरब डॉलर हो गया है और आधे से अधिक बाजार पर अब चीन का दबदबा है।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 128 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 128 अंक की बढ़त में रहा। अप्रैल में जीएसटी संग्रह के रिकॉर्ड स्तर, विनिर्माण के आंकड़े सकारात्मक रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

- विदेशी निवेशकों की खरीदारी से पूंजी का प्रवाह बढ़ा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 329.65 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 43.35 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,648.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावरग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। वहीं निजी क्षेत्र के देश के तीसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक का शेयर एक प्रतिशत से अधिक नीचे आया। बैंक ने अपने प्रबंध निदेशक और सीईओ के हटने की इच्छा को लेकर मीडिया में आई रिपोर्ट को खारिज कर दिया। इसके अलावा, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, विप्रो और इंडसइंड बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

***एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख :*** *एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में बुधवार को मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बुधवार को मिला-जुला रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 84.29 डॉलर प्रति बैरल रहा।*

# बजाज फाइनेंस के दो कर्ज उत्पादों पर से पाबंदी हटी

- ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड से कर्ज दे पाएगी
- पिछले साल नंवबर में आरबीआई ने लगाई थी पाबंदी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को बजाज फाइनेंस पर ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के माध्यम से कर्ज की मंजूरी और वितरण पर लगी पाबंदी हटा दी।

केंद्रीय बैंक ने पिछले साल नवंबर में बजाज फाइनेंस को अपने दो कर्ज उत्पादों - ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण की मंजूरी और वितरण को रोकने का निर्देश दिया था। यह प्रतिबंध डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों का पालन नहीं करने के कारण लगाया गया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''आरबीआई ने दो मई 2024 के अपने पत्र के माध्यम से कंपनी के उठाये गये सुधारात्मक कदमों के आधार पर ईकॉम और ऑनलाइन डिजिटल 'इंस्टा ईएमआई कार्ड' पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय के बारे में जानकारी दी।''

### अब ईएमआई कार्ड जारी कर पाएगी

बजाज फाइनेंस ने कहा कि वह अब ईएमआई कार्ड जारी करने सहित दोनों व्यावसायिक क्षेत्रों में कर्ज की मंजूरी और वितरण फिर से शुरू करेगी। कंपनी ने कहा, 'बजाज फाइनेंस नियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

## अदाणी पोर्ट्स के लाभ में 76.87 प्रतिशत वृद्धि



**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.87 प्रतिशत बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

एपीएसईजेड ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्विनी गुप्ता ने कहा, 'एपीएसईजेड ने माल ढुलाई, राजस्व और कर पूर्व आय पर वित्त वर्ष की शुरुआत में दिए गए अपने ऊपरी लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया है।'

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** रुपाली यादव पिता/पति नरेन्द्र सिंह यादव, मठपारा रायपुर, सुनीता लिल्हारे पिता/पति फूलचंद लिल्हारे, भारत नगर रामनगर रायपुर, शंकर लाल देवांगन पिता/पति छोटू राम देवांगन, शहीद भगत सिंह चौक रायपुर, परमेश्वर दास वैष्णव पिता/पति नारायण दास वैष्णव, म न 29 नगर निगम कॉलोनी समता कॉलोनी रायपुर, जितेन्द्र कुमार यदु पिता/पति स्व. खोरबाहरा राम यदु, सतनामी पारा कोटा रायपुर, हितेंद्र जोशी पिता/पति मुकुट लाल जोशी, E -82 समता कॉलोनी रायपुर, संताराम देवांगन पिता/पति स्व. टेटकू राम देवांगन, तेलीबांधा मोतीबाग रायपुर, संजय पटेल पिता/पति भिखम लाल पटेल, भवानी चौक संजय नगर रायपुर, रमन कुमार यादव पिता/पति स्व. साधु राम यादव, कुशालपुर आदर्श नगर रायपुर, रानी पटेल पिता/पति रघुनाथ पटेल, कांपा मोवा रायपुर, आनंद राम जाटवार पिता/पति स्व. सालिकराम जाटवार, गली न. 1 आदर्श नगर मोवा रायपुर, फगुनलाल यादव पिता/पति उदयराम यादव, जी 3/3 जी.ए.डी. कॉलोनी रायपुर, निर्मला ध्रुवंशी पिता/पति राकेश ध्रुवंशी, केन्द्रीय अभनपुर, योगेन्द्र कुम्भकार पिता/पति चैतराम कुम्भकार, धरम नगर पचपेढ़ी नाका रायपुर, हेमंत सिंह गजेन्द्र पिता/पति अमर सिंह गजेन्द्र, टेकारी गिरौद रायपुर, चित्रसेन वर्मा पिता/पति स्व. माखन लाल वर्मा, म.न. 57 दुबे कॉलोनी रायपुर, घनोद कुमार मार्कण्डेय पिता/पति स्व. महेश राम मार्कंडेय, एकता चौक दुर्गा पारा गली न.1 सड्डू रायपुर, राजेश सोनी पिता/पति मनमोहन सोनी, सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, हेमांशी साहू पिता/पति हेमंत कुमार साहू, धरम नगर पचपेढ़ी नाका रायपुर, सुशील कुमार यदु पिता/पति जनार्दन राम यदु, सोनकर पारा लाखे नगर रायपुर, गुलाब केशरवानी पिता/पति मुरलीलाल केशरवानी, प्रिंस कॉलोनी लक्ष्मी नगर गोल्डन मार्बल संतोषी नगर रायपुर, शेखर बोरकर पिता/पति स्व. एम. एन. बोरकर, वार्ड न. 58 धरम नगर पचपेढ़ी नाका रायपुर, विनोद कुमार डोंगरे पिता/पति अनिरुद्ध डोंगरे, माना बस्ती रायपुर, तुलसी अवचट पिता/पति संतोष कुमार अवचट, बड़ा अशोक नगर रेलवे क्रासिंग के पास गुढ़ियारी रायपुर, मयंक सिदार पिता/पति छिबीलाल सिदार, मठपुरैना रायपुर, रामेश्वर लहरी पिता/पति स्व. कामता प्रसाद लहरी, चंगोराभाठा श्रीराम नगर रायपुर, राहुल कटोरिया पिता/पति घनश्याम कटोरिया, इंदिरा चौक रामनगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, राजीव चिल्ले पिता/पति पी. दामोदर चिल्ले, प्लाट-124 अयप्पा नगर भिलाई जिला दुर्ग, मनोज कुमार देवांगन पिता/पति राजेंद्र कुमार देवांगन, सोनिया गांधी नगर जोन-1 सेक्टर 11 भिलाई जिला दुर्ग, मन्नुराम देवांगन पिता/पति सुखराम देवांगन, संतोषी पारा कैंप 2 भिलाई जिला दुर्ग, चरण सिंह सोमल पिता/पति स्व. दिलबारा सिंह, बस स्टैंड चरोदा भिलाई जिला दुर्ग, सुखनंद बंजारे पिता/पति महेतर राम, राम नगर आजाद चौक सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, अथर्व प्रताप मल्ल पिता/पति पवन कुमार मल्ल, कैलाश किराना वार्ड 35 जिला दुर्ग, विठ्ठला गांधी पिता/पति डी. जी.डी. गांधी, बी.के.डी. 5 सेक्टर 9 भिलाई जिला दुर्ग, वकील अंसारी पिता/पति मोहम्मद वकील अंसारी, ई.डब्लू.एस. 154 कुरूद भिलाई जिला दुर्ग, अंजू प्रधान पिता/पति गिरधारी प्रसाद, 11 जी सड़क 10 सेक्टर 3 भिलाई जिला दुर्ग, पंजाब पाटिल पिता/पति गजानन पाटिल, बी ब्लाक परिजित अपार्टमेंट तालपुरी रुँगटा भिलाई जिला दुर्ग, पुरुषोत्तम लाल साहू पिता/पति जोधूराम साहू, शीतला पारा हथखोज वार्ड-2 चरौदा जिला दुर्ग, जनित पिता/पति जे.एस. नायडू, म न. 2 स्ट्रीट 6 सेक्टर न. 5 भिलाई जिला दुर्ग, पिंटू दुबारी पिता/पति स्व. बुधु दुबारी, म न. 16 स्ट्रीट न. 6 सेक्टर न. 5 भिलाई जिला दुर्ग, के. कृष्णा कुमार पिता/पति के जालंधर, म. न. 141 शर्मा फर्नीचर के पीछे रोड 18 भिलाई जिला दुर्ग, रविन्द कौर पिता/पति ओमकार सिंह, आदर्श नगर हनुमान मंदिर के पास वार्ड 31 सुपेला जिला दुर्ग, रविन्द्र यादव पिता/पति स्व. प्रेमसिंह यादव, गोविंदपुर जिला कांकेर, धनेश्वरी मरकाम पिता/पति तन्केश्वर सिंह मरकाम, नगर पंचायत छुरा जिला गरियाबंद, भेखराम गुप्ता पिता/पति दयाराम गुप्ता, केरार, जिला गरियाबंद, रविशंकर साहू पिता/पति सुरेश साहू, फरसट्टी, केरार जिला गरियाबंद, उर्वशी साहू पिता/पति गिरवर साहू, केरार जिला गरियाबंद, जनेंद्र विश्वकर्मा पिता/पति जितेन्द्र विश्वकर्मा, वार्ड न.- 05 इंदिरा मार्केट नवापारा जिला गरियाबंद, विजय कुमार पिता/पति विश्वनाथ देवांगन, सांकरा नगरी जिला धमतरी, तेज कुमार शर्मा पिता/पति स्व. चन्द्र कुमार शर्मा, कोष्टापारा भगत चौक धमतरी जिला धमतरी, मंजुला उपाध्याय पिता/पति एल के उपाध्याय, आमातालाब गौरा चौरा के पास धमतरी जिला धमतरी, प्रीतम कुमार साहू पिता/पति सुरेश कुमार साहू, वार्ड न. 14 नगर पंचायत आमदी जिला धमतरी, सुनील कुमार पोपटानी पिता/पति ठंकर दास पोपटानी, बनियापारा धमतरी जिला धमतरी, अरुण कुमार गौर पिता/पति स्व. महाराज, बनियापारा धमतरी जिला धमतरी, राजेंद्र कुमार सोनी पिता/पति लखन लाल सोनी, शिव चौक धमतरी जिला धमतरी, प्रकाश चंद साहू पिता/पति स्व. बैशाखू राम, न्यू कॉलोनी बठेना वार्ड धमतरी जिला धमतरी, निदेश्वरी साहू पिता/पति भगवती प्रसाद, पंचमुखी हनुमान नगर रत्ना बांधा धमतरी जिला धमतरी, मीनाक्षी साहू पिता/पति चन्द्रशेखर साहू, नगर पंचायत आमदी जिला धमतरी, बेनी प्रसाद तिवारी पिता/पति राम अवतार तिवारी, कर्मा चौक रुद्री रोड धमतरी जिला धमतरी, कमलेश (सोनू) कुमार साहू पिता/पति यशस्वी कुमार साहू, मडेली जिला धमतरी, चोवेलाल साहू पिता/पति स्व. तुकेल राम साहू, शिक्षक कॉलोनी शारदा किराना कुरूद जिला धमतरी, दुष्यंत साहू पिता/पति जीवन लाल साहू, बजरंग चौक गोकुलपुर वार्ड धमतरी जिला धमतरी, चमन लाल साहू पिता/पति हेमन लाल साहू, भटगांव जिला धमतरी, लावन्य सोलंके पिता/पति प्रकाश राव सोलंके, सपना पिंकी सिटी वार्ड धमतरी जिला धमतरी, चंद्रवन पिता/पति देशी राम ध्रुव, जाकमपुर वार्ड जिला धमतरी, बाबूराम साहू पिता/पति स्व. लीलाराम, निरियेला जिला धमतरी, नेमिन साहू पिता/पति गौरव साहू, अछोट मगरलोड जिला धमतरी, कृष्ण कुमार साहू पिता/पति गुलाब राम साहू, मैनलोड अवरी जिला धमतरी, कौशल बंजारे पिता/पति अघोरिराम बंजारे, कृष्णायन कॉलोनी के सामने बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार, सेवा राम देशमुख पिता/पति स्व. भाऊ राम देशमुख, भरदा जिला बालोद, राम गोपाल साहू पिता/पति कृष्णा राम साहू, खर्रा दर्रा जिला बालोद, उषा साहू पिता/पति गोविन्द लाल साहू, शिवनाथ कॉलोनी फेस -2 म न. 16 राजनांदगांव जिला राजनांदगांव, जया पारकर पिता/पति जगदीश पारकर, 8वीं बीएन. पेंड्री म न बी 9 जिला राजनांदगांव, नरेन्द्र कुमार साहू पिता/पति भूषण साहू, सांकरा सोमनी जिला राजनांदगांव, लक्ष्मी बाई पिता/पति कन्हैया लाल, कृष्णा कुंज कॉलोनी जी.-3 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

# भारत में बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा दायरे में लाने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| त्बिलिसी

बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचली कतार में है और उसे तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है।

- एशियाई विकास बैंक ने जारी की रिपोर्ट

एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बृहस्पतिवार को 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण कोरिया और थाइलैंड ने सार्वभौमिक (यूनिवर्सल) स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है, जबकि भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में वृद्ध लोगों के बीच स्वास्थ्य बीमा की पहुंच सबसे कम 21 प्रतिशत है।

***2050 तक बुजुर्ग होंगे दोगुना :*** *विकासशील एशिया और प्रशांत देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या वर्ष 2050 तक लगभग दोगुनी होकर 1.2 अरब हो जाएगी जो कुल आबादी का लगभग एक चौथाई होगा। ऐसी स्थिति में पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों के अलावा स्वास्थ्य बीमा की जरूरत भी बढ़ जाएगी।*



- भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचली कतार में

***आधे से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित :*** *बांग्लादेश, इंडोनेशिया और भारत में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच से वंचित आधे से अधिक लोग निचली 40 प्रतिशत आबादी का हिस्सा हैं। 2031-40 के दशक में उम्रदराज आबादी के कारण आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव भारत के मामले में कम पड़ेगा क्योंकि यहां उस समय भी युवा आबादी का अनुपात अधिक होगा।*

### बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज हुआ बेहतर

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि गरीब लोगों को नकदी रहित (कैशलेस) स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने के बाद से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति में सुधार होगा और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे।

***अतिरिक्त लाभांश हासिल करने का मौका*** *एडीबी के अल्बर्ट पार्क ने कहा कि इन अर्थव्यवस्थाओं के पास बुजुर्गों से अतिरिक्त उत्पादकता के रूप में 'लाभांश' हासिल करने का मौका होगा जो क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद को औसतन 0.9 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।*

### सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाए

किकावा ने कहा कि ऐसे देशों को अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' अधिक हो सकता है। किकावा ने कहा कि सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने के अलावा बुजुर्गों की शारीरिक और कार्यात्मक क्षमता को अनुकूलित करने वाली आवश्यक सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार करना भी महत्वपूर्ण है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



ऋतुराज गायकवाड
509 रन
चेन्नई

**पर्पल कैप**



टी. नटराजन
15 विकेट
हैदराबाद

**बाउंड्री मीटर**

1533 चौके

903 छक्के

## खबर संक्षेप



### दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही है लेकिन उन्हें फ्रेंचाइजी की मेडिकल टीम से सकारात्मक खबर मिलने की उम्मीद है। फ्लेमिंग ने चाहर की नई चोट के बारे में तफ्सील से नहीं बताया लेकिन उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार की रात को दूसरी ही गेंद पर शायद हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और फिजियो से बात करने के बाद वह मैदान से बाहर चले गए और मैच में आगे गेंदबाजी नहीं की।

### थॉमस और उबेर कप फाइनल में हारा भारत



**चेंगडू।** चेंगदू। गत चैंपियन भारत अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहा। पुरुष टीम को गुरुवार को यहां थॉमस एवं उबेर कप बैडमिंटन फाइनल में चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। महिला टीम का अभियान भी जापान के खिलाफ 0-3 की हार के साथ खत्म हो गया। विश्व पुरुष टीम चैंपियनशिप थॉमस कप में दो साल पहले भारत के लिए पहला खिताब जीतने के बाद देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए गुरुवार का दिन काफी मुश्किल रहा और सिर्फ लक्ष्य सेन ही जीत दर्ज कर पाए। इससे पहले अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबेर कप में जापान के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी।

### वंचित तबके के बच्चों के लिए शुरू किया कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# 'मैं कप्तान था, फिर नहीं रहा और अब हूं', छलका रोहित का दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पहले ही भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है. अब इसी मामले को लेकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

इस दौरान उनके साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी साथ रहे। आईपएल में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी है। इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया गया। इस पर रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कोई नया नही है। मैं इससे पहले भी कई कप्तानों के अंडर खेला हूं।

### एक खिलाड़ी के लिए सब कुछ सही

रोहित ने कहा, 'मैं कप्तान था। फिर कप्तान नहीं रहा और अब कप्तान हूं। यह जीवन का हिस्सा है। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा। यह एक शानदार अनुभव रहा है। अपने जीवन में पहले भी मैं कप्तान नहीं था और अलग-अलग कप्तानों के अंडर खेला था। इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैंने हमेशा वही करने की कोशिश की है जो एक खिलाड़ी के तौर पर जरूरी है और मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।'



**रोहित एक शानदार कप्तान**

अजीत अगरकर ने कहा, 'रोहित एक शानदार कप्तान रहे हैं। 50 ओवर के वर्ल्ड कप और इस टी20 वर्ल्ड कप के बीच 6 महीने के दौरान, हमें कुछ निर्णय लेने थे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पता है कि हार्दिक ने कुछ सीरीज में नेतृत्व किया है। लेकिन रोहित शानदार रहे हैं।'

### रिंकू की कोई गलती नहीं

आईपीएल में धूम मचाने वाले रिंकू सिंह को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया है। उन्हें 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर रोहित ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उनकी (रिंकू) गलती नहीं है। वह अभी हमारे साथ ट्रैवल करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि यह उनके लिए थोड़ा कठिन है। मुझे लगता है कि टीम संतुलन के कारण वह चूक गए। हम एक अतिरिक्त स्पिनर खिलाना चाहते थे। मैं टीम में 4 स्पिनर चाहता था। मैं इसका कारण यहां नहीं बताऊंगा, मैं आपको यूएसए में बताऊंगा।'




## आईपीएल : रॉयल्स के 10 मैचों में 8 जीत से तालिका में 16 अंक

# हैदराबाद की एक रन से रोमांचक जीत राजस्थान का प्लेऑफ का इंतजार बढ़ा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सनराजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। रॉयल्स को अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की दरकार थी लेकिन भुवनेश्वर कुमार (तीन विकेट) ने रोवमैन पावेल (27 रन) को पगबाधा कर दिया जिससे टीम 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी। यदि राजस्थान यह मैच जीतती, तो वो इस सीजन के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाती। मगर उसका इंतजार बढ़ गया है। उसने अब तक 10 में से 8 मैच जीते हैं और उसके 16 अंक हो गए हैं। वो अभी शीर्ष पर काबिज है।

रियान पराग (77 रन) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (67 रन) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 134 रन भी जोड़े लेकिन रॉयल्स को जीत नहीं दिला सके। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम पहले ओवर में एक रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। सनराइजर्स के लिए भुवनेश्वर कुमार के तीन विकेट के अलावा कप्तान पैट कमिंस और टी नटराजन ने भी दो-दो विकेट चटकाए।



### नितीश और हेड का तूफान

नितीश ने नाबाद 76 रन की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा सलामी बल्लेबाज हेड (58 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 और हेनरिक क्लासेन (नाबाद 42) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद का सामना करते हुए आठ छक्के और तीन चौके मारे।

### रियान-यशस्वी की फिफ्टी बेकार

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 202 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में राजस्थान टीम 7 विकेट गंवाकर 200 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया। राजस्थान के लिए रियान पराग ने 49 गेंदों पर 77 रनों की धांसू पारी खेली। जबकि यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंदों पर 67 रन जड़ दिए। आखिर में रोवमैन पॉवेल ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए, लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला सके।

### चहल ने लुटाए 62 रन

आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6 | 0 |
| अभिषेक का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0 | 1 |
| अनमोलप्रीत का यशस्वी बो संदीप | 05 | 05 | 1 | 0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3 | 8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3 | 3 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 201/3
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल बो नटराजन | 67 | 40 | 7 | 2 |
| बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| पराग का यानसेन बो कमिंस | 77 | 49 | 8 | 4 |
| हेटमायर का यानसेन बो नटराजन | 13 | 09 | 1 | 1 |
| पावेल पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 | 15 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो कमिंस | 01 | 03 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 200/7
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0.

**खास खबर**

## अमूल टी20 विश्व कप में अमेरिका और द.अफ्रीका का बना प्रायोजक



**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा। दोनों टीमों के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह ऐलान किया। अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। विश्व कप का पहला मैच एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच होगा। अमूल पहले भी नीदरलेंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का प्रायोजक रह चुका है। अमूल दूध अब अमेरिका में भी बेचा जाता है। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने एक बयान में कहा, 'अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। हम टीम को आगामी टी20 विश्व कप के लिए शुभकामना देते हैं।'

## एबीडि ने कोहली की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पावरप्ले के इतर विराट कोहली के स्ट्राइक रेट की आलोचना करने वाले 'आंकड़ों से प्रेरित' क्रिकेट विशेषज्ञों पर निशाना साधा। कोहली ने मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 147 के स्ट्राइक रेट और 77 की औसत से 500 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'विराट कोहली की स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना हो रही है, यह बहुत लंबे समय से चल रहा है और मैं अब इससे तंग आ चुका हूं। मैं कम से कम इतना तो कह सकता हूं कि मैं निराश हूं। यह खिलाड़ी क्रिकेट खेलने वाले अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह आईपीएल में अविश्वसनीय है, वह आरसीबी के लिए एक निश्चित भूमिका निभाता है।'

# भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त


एजेंसी ▶▶ सिलहट

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में गुरुवार को यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



### राधा यादव ने 22 रन देकर चटकाए दो विकेट

इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से । रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।



### मैड्रिड ओपन : रुबलेव से हारे अल्काराज

**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रुबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रुबलेव से 6-4, 3-6, 2-6 से हार गए। बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। अब वह सेमीफाइनल में रुबलेव से खेलेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने 17 वर्ष की मीरा आंद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया।

## सलीमा ने कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई

# सविता की बजाय सलीमा को मिली हॉकी टीम की कप्तानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।



हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।' बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है।

### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी
**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001 (M.P.)
**DEMAND NOTICE**
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/381/2016 08.04.2024
STATE BANK OF INDIA
Versus
M/s MADAN RAJ TRAVELS
To,
(CD 1) M/S MADAN RAJ TRAVELS MAIN ROAD, NEAR DASAHARA GROUND, BALODA BAZAR (C.G.)- 493332 Raipur.
(CD 2) SMT. SEEMA MEHTA MAIN ROAD, NEAR DASAHARA GROUND, BALODA BAZAR (C.G.)- 493332 BALODA BAZAR, CHHATTISGARH-
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/188/2015 an amount of Rs. 3120904.00 (Rupees Thirty One Lakhs Twenty Thousands Nine Hundred Four Only) along with pendentelite and future interest @ 12 % Simple Interest Yearly w.e.f. 29/06/2015 till realization and costs of Rs. 71150 (Rupees Seventy One Thousands One Hundred Fifty Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 14/05/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 08/04/2024
SEAL
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001
**DEMAND NOTICE**
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/90/2024 17.04.2024
PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
M/S DURGESHWARI GUD UDYOG SHARMA
To,
(CD 1) M/S DURGESHWARI GUD UDYOG SHARMA SMT PRATIMA SHARMA W/O SHRI MAHADEV SHARMA VILL KARESARA AND PO UDIYAKHURDTEH LOHARA KABIRDHAM Kawardha
(CD 2) SMT PRATIMA SHARMA H NO 180/2 WARD NO 2 RAM NAGAR, KAWARDHA KABRIDHAM KAWARDHA, CHHATTISGARH
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/591/2019 an amount of Rs 1609445.21 (Rupees Sixteen Lakhs Nine Thousand Four Hundred Forty Five And Paise Twenty One Only) along with pendentelite and future interest @ 11.50 % Simple Interest Yearly w.e.f. 26/04/2019 till realization and costs of Rs 19000 (Rupees Nineteen Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 13/06/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 17/04/2024
SEAL
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



₹ 555/- OFF
PER GRAM
ON GOLD PRICES

3rd TO 10th MAY-2024
अक्षय तृतीया
और
19TH
ANNIVERSARY
CELEBRATION
5-05-2005
हमारे संस्थान के
स्वर्णिम शुभारंभ का शुभ उत्सव





LOWEST GOLD PRICE*

| | | CURRENT GOLD PRICE* | ANNIVERSARY CELEBRATION PRICE* |
|---|---|---|---|
| 22 kt | 91.6% | ₹6555 | ₹6000 |
| 20 kt | 83.3% | ₹5960 | ₹5405 |
| 18 kt | 75.0% | ₹5365 | ₹4810 |

*condition apply *gst as applicable

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET
JEWELLERS

मालवीय रोड, रायपुर | पुलगांव चौक, दुर्ग
गंज रोड, नवापारा राजिम | बसंतपुर रोड, राजनांदगांव

SUNDAY OPEN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com